दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



फवाद वाणी की .........

मेरी इच्छा ज्यादा फिल्में बनाना ज्यादा.......

वर्ष : 10 | अंक : 303 | लखनऊ, 15 अक्टूबर, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव और गोलीबारी, एक की मौत, 40 घायल



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बहराइच, उत्तर प्रदेश के बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई साम्प्रदायिक हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और लगभग 40 लोग घायल हो गये हैं। घटना के बाद से इलाके में साम्प्रदायिक तनाव व्याप्त है और गुस्साये ग्रामीण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरे इलाके में पुलिस बल की भारी तैनाती की गयी है। बहराइच हिंसा में मारे गये रामगोपाल मिश्रा के शव को महसी तहसील परिसर में रखकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि महाराजगंज बाजार में कुछ लोगों द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी करने पर दो समुदायों के लोग आमने सामने आ गए थे। गुस्साई भीड़ ने बाजार में तोड़फोड़ की। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## बहराइच हिंसा पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पहली प्रतिक्रिया

### योगी सरकार पर खड़े किए सवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



बहराइच, उत्तर प्रदेश के बहराइच में हुए हिंसा को लेकर सियासत तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर सवाल खड़े किए है। अखिलेश यादव ने बहराइच में हुए हिंसा को लेकर कहा कि सबसे पहले, मैं अपील करना चाहूंगा कि सभी संबंधित पक्षों को कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में काम करना चाहिए। जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि प्रशासन, सरकार और मीडिया को पता है कि ऐसा क्यों हुआ। सरकार न्याय करे।

## मृतक के परिजनों ने रखी अजीब शर्त

### कहा- हमारे सामने हो आरोपी का एनकाउंटर, चले बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। रविवार की शाम बहराइच में शुरू हुई सांप्रदायिक हिंसा अब तक शांत नहीं हुई। महसी और महराजपुर से शुरू हुई यह हिंसा शहरी क्षेत्र के साथ गांवों में फैलती चली गई। सुबह पोस्टमार्टम हाउस से जब रामगोपाल का शव आया तो हजारों की संख्या में भीड़ जमा हो गई। इसके बाद भीड़ ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इससे गांव वालों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। तहसील मुख्यालय में शव रखकर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद समझाने पर करीब चार बजे शव को मुखाग्नि दी गई।

### आरोपी का एनकाउंटर हो

इस बीच राम गोपाल मिश्रा के परिवार ने एक अजीब शर्त रख दी। परिवार ने कहा कि वह तभी मानेंगे जब आरोपी का एनकाउंटर उनके सामने किया जाए। मृतक के भाई, बहन और पिता ने मीडिया से बात करते हुए यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि दोषियों का उनके सामने एनकाउंटर किया जाए और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।

महसी के महराजगंज कस्बे में विसर्जन जुलूस के दौरान हुई पत्थरबाजी व गोलीकांड की आग धीरे-धीरे पूरे जिले में फैलती जा रही है। सोमवार की सुबह से जिले भर में डर व दहशत का माहौल रहा। दहशत का आलम यह रहा कि शहर की मुख्य बाजार घंटाघर से पीपल तिराहे की दुकानें बंद रही। वहीं महराजगंज कस्बे में सुबह से ही सन्नाटा रहा और सिर्फ पुलिस कर्मी ही नजर आए। दहशत से भरे लोग अपने घरों में कैद रहे और बाजार की सभी दुकानें बंद रही। वहीं विवाद का असर शिवपुर विकासखंड की बजार में भी देखने को मिला और पूरे शिवपुर की बजारें भी बंद रही। इस दौरान बाजार में लोग प्रदर्शन करते भी दिखे। साथ ही खैरीघाट, भगवानपुर चौराहा, राजीचौराहा, महसी आदि क्षेत्रों में भी बजारें बंद रही और लोग दहशत में रही। बाजारों व सड़कों पर सिर्फ पुलिस कर्मी ही नजर आए। गांव में देखते ही देखते कुछ देर में लगभग 5000 की भीड़ जमा हो गई और तनाव बढ़ गया। कुछ देर बाद आक्रोशित ग्रामीण मृतक का शव लेकर महसी तहसील मुख्यालय पहुंचे और शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों ने महसी-राजी चौराहा मार्ग भी जाम कर दिया। सूचना पर डीएम, एसपी व विधायक महसी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने में जुटे रहे।

### भारी पुलिस बल व पीएसी तैनात, लाठी लेकर युवा कर रहे प्रदर्शन

प्रदर्शन स्थल व रेहुआ गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात हैं। वहीं पीएसी के जवान भी तैनात है और स्थिति से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन समय बढ़ने के साथ ही तनाव बढ़ रहा है। सैकड़ों की संख्या में मौजूद युवा हाथों में लाठी-डंडा लेकर नारेबाजी करते हुए सड़कों पर घूम रहे

## मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

## दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद आतिशी की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात थी। मुख्यमंत्री ने इस मुलाकात के बाद उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार और उनकी सरकार के बीच पूर्ण सहयोगात्मक संबंध रहेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की जानकारी दी। हालांकि, इस संबंध में विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया गया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में जेल से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद आतिशी उनकी उत्तराधिकारी बनीं। आतिशी ने एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से आज मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं। दिल्ली की आप सरकार का केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार एवं उप राज्यपाल कार्यालय से शासन और सेवाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर गतिरोध है।

## पुणे सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन को सुप्रीम कोर्ट से राहत

### चिकित्सा आधार पर दी अंतरिम जमानत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने सेवा विकास सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अमर साधुराम मूलचंदानी को 429 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और अब बंद हो चुके ऋणदाता में धन के दुरुपयोग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने चिकित्सा आधार पर जमानत दी थी, जिसमें कहा गया था कि जो लोग गंभीर रूप से बीमार या कमजोर हैं। वे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत भी जमानत के हकदार हैं। पीठ ने कहा कि पीएमएलए कितना भी सख्त क्यों न हो, हमें कानून के चारों कोनों के भीतर काम करना होगा। कानून हमें बताता है कि जो कोई बीमार और अशक्त है उसे जमानत दी जानी चाहिए। यह बात कि उसका इलाज सरकारी अस्पताल में किया जा सकता है, कानून में जो कहा गया है उसका कोई जवाब नहीं है।

मूलचंदानी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि उनका मुवक्किल क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित है और जेल में रहने के दौरान दैनिक गतिविधियां करने में असमर्थ है। जवाब में वरिष्ठ वकील एएस नंदकर्णी ने सुझाव दिया कि मूलचंदानी को हिरासत में पास के अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है। हालाँकि, रोहतगी ने यह कहते हुए प्रतिवाद किया कि 67 वर्ष के मूलचंदानी पहले ही एक साल से अधिक समय से जेल में थे और उनका नाम किसी भी आपराधिक अपराध में नहीं लिया गया था।

शीर्ष अदालत ने जेजे ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट की समीक्षा के बाद जमानत दे दी, जिसमें मूलचंदानी की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति की पुष्टि की गई थी। मामले को संभाल रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया कि सेवा विकास सहकारी बैंक में 92 प्रतिशत से अधिक ऋण खाते गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में बदल गए थे, जिससे संस्था का पतन हुआ। बाद में भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय अस्थिरता के कारण बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में अब तक हुए हैं कई खुलासे, जेल में मिली सुपारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस ने छह आरोपियों की पहचान कर ली है। पुलिस अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि तीन अपराधी अभी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार जुटी हुई है। पुलिस जांच में भी सामने आया है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश पटियाला जेल में रची गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पटियाला जेल में ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुरु ने बाबा सिद्दीकी के मर्डर की साजिश को अंजाम देने की कहानी गढ़ी थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने में मोहम्मद जीशान अख्तर का नाम प्रमुख तौर पर उठा है। माना जा रहा है कि इस हत्याकांड का मुख्य कर्ताधर्ता जीशान अख्तर ही है।

### बम की धमकी के बाद एअर इंडिया के मुंबई-न्यूयॉर्क विमान का मार्ग परिवर्तित कर दिल्ली भेजा गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एअर इंडिया की एक उड़ान में सोमवार को बम होने की धमकी के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली हवाई अड्डा भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विमान फिलहाल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मौजूद है और यात्रियों तथा चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

## बहराइच में प्रशासन की निष्क्रियता दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका वाड्रा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा गांधी ने बहराइच हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए जनता से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

गौरतलब हो, बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान हुई युवक की हत्या को लेकर बवाल बढ़ता जा रहा है। आज भी जगह-जगह आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ और आगजनी की है। पुलिस प्रशासन मामले को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें। वहीं बहराइच में हुए बवाल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा जहां दंगा होता है, वहां पर जिला प्रशासन व सरकार फेल होती है। सभी मामलों में देश व प्रदेश की सरकार फेल हो चुकी है। राज धर्म का मतलब यह है कि हमारी प्रजा स्वतंत्र रहे, आनंदित रहे, संविधान और कानून का पालन हो और पालन कराया जाए। यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी होती है और उसमें यह सरकार विफल रही है। ये सरकार तो केवल जनता को डरा रही है कि बुलडोजर चला देंगे। कानून और नियम की परिधि में जो आए उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य सरकार हर मामले में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 16 अक्तूबर को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन आयोजित कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव इसी की तैयारी की समीक्षा करने पहुंचे हैं।

उधर, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मामले पर बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।

## जम्मू-कश्मीर में नयी सरकार का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग होना चाहिएः चिदंबरम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर की नयी सरकार के समक्ष पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करना होना चाहिए और इंडिया गठबंधन दलों को इसका समर्थन करना चाहिए। चिदंबरम ने कहा कि यदि केंद्र सरकार सहमत नहीं होती है तो उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए क्योंकि केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव नतीजों के बाद और नयी सरकार के कार्यभार संभालने से कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने अपने पास शक्तियां रख लीं जो लोगों के फैसले का मजाक उड़ाना है। उन्होंने कहा, नयी सरकार का पहला काम जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करना होना चाहिए और इंडिया गठबंधन के सभी दलों को इस मांग का समर्थन करना चाहिए। चिदंबरम ने कहा, सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलने पर नयी जम्मू-कश्मीर सरकार को उच्चतम न्यायालय जाने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था।

## दिल्ली पुलिस की अमित शाह ने थपथपाई पीठ

### ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ जारी रहेगी छापेमारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त करने के सफल अभियानों के लिए बधाई दी। एक्स पर शाह ने कहा कि ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त करने के सफल ऑपरेशनों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद करना भी शामिल है।

अमित शाह ने आगे कहा कि नशीली दवाओं और नार्को व्यापार के खिलाफ धरपकड़ बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगी। मोदी सरकार हमारे युवाओं को नशीली दवाओं के संकट से बचाकर नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि वे दिल्ली को नशा मुक्त शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर से लगभग 5000 करोड़ रुपये मूल्य की कम से कम 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नई जब्ती दिल्ली में 700 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी से जुड़ी है। इसके साथ ही अब तक 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की जा चुकी है. इस सिलसिले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। सूत्रों ने कहा कि यह देश में किसी भी एजेंसी द्वारा अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मानी जा रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, 700 किलोग्राम कोकीन की पिछली जब्ती की जांच के दौरान, स्पेशल सेल ने पाया कि ड्रग्स अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से लाए गए थे।

## 16 अक्टूबर को सीएम पद की शपथ लेंगे उमर अब्दुल्ला, एलजी ने किया आमंत्रित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिंह ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला को 16 अक्टूबर को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। एलजी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उन्हें 11 अक्टूबर को जेकेएनसी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला का पत्र मिला था, जिसमें बताया गया था कि उमर अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। एलजी के पत्र में कहा गया है, "मुझे आपको जम्मू-कश्मीर सरकार बनाने और उसका नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित करते हुए खुशी हो रही है।"

उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रधान सचिव का स्वागत कर प्रसन्नता हुई। उन्होंने एलजी के कार्यालय से मुझे जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने वाला एक पत्र सौंपा। इससे पहले जम्मू-कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटा लिया गया था जिससे केंद्र शासित प्रदेश में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया था। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राज्य से राष्ट्रपति शासन हटाये जाने का विभिन्न दलों ने स्वागत किया है। हम आपको बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 239 और 239ए के साथ पठित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 73 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के संबंध में 31 अक्टूबर 2019 का आदेश, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की धारा 54 के तहत मुख्यमंत्री की नियुक्ति से तुरंत पहले निरस्त किया जाता है। हम आपको याद दिला दें कि हाल में संपन्न हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें गठबंधन का नेता चुना गया है। हम आपको याद दिला दें कि पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों- - जम्मू कश्मीर और लद्दाख के रूप में विभाजित किए जाने के बाद 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 को संसद ने पांच अगस्त 2019 को पारित किया था। पूर्ववर्ती राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को भी उसी दिन निरस्त कर दिया गया था।

## मेले में छीटाकंशी का विरोध करना पड़ा महंगा, शोहदो ने सगे भाईयो को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज मोहनलालगंज क्षेत्र के खुजौली निवासी नेहा ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते शनिवार को गांव में आयोजित दशहरा मेले में शोहदे पंकज निवासी सरथुवा व धीरज निवासी मोहिद्दीनपुर अपने अन्य साथियो के साथ मेले में आयी लड़कियो व महिलाओ से अभद्रता व छीटाकंशी कर रहे थे,ये देखकर देवर करन ने विरोध किया तो शोहदे गाली गलौज कर देख लेने की धमकी देते हुये मौके से चले गये जिसके बाद पति नीरज व देवर करन पेट्रोल पम्प पर बाइक में तेल डलाने गये तो वहा पंकज,अंशु,धीरज अपने एक दर्जन साथियो के साथ लाठी डंडो से लैस होकर वहा आ धमके ओर दोनो की जमकर पिटाई कर मौके से भाग निकलें इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की शिकायत पर आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# दुबई में थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी के नारे से गूंज उठा यूपी डायस्पोरा

**दुबई में थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी के नारे से गूंज उठा यूपी डायस्पोरा**

**निवेशकों ने दिखाई निवेश करने में रुचि**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत डबल इंजन की सरकार ने दुबई में प्रवासी निवेशकों के बीच उत्तर प्रदेश में निवेश करने की दिशा में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। सीएम योगी के विजन और क्रियान्वयन की सफलताओं का दुबई साक्षी बना और इस दिशा में दुबई के इंडिया क्लब में इन्वेस्ट यूपी और यूपी डायस्पोरा की ओर से आयोजित यूपी डायस्पोरा इन्वेस्टर मीट एक बड़ा माध्यम साबित हुआ।

इस कार्यक्रम में निवेशकों ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में निवेश करने को लेकर रुचि दिखाई। इरफान इजहार ने अलीगढ़ में रिजॉर्ट तो युसुफ खान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स में निवेश की इच्छा दिखाई। वहीं राजेश अग्रवाल ने पुरखों के नाम अपनी पुश्तैनी जमीन हॉस्पिटल हेतु दान करने की इच्छा जाहिर की। इसके साथ ही, दुबई के मदीना ग्रुप ने यूपी से फल सब्जियों के लिए यूपी में सेंटर खोलने को लेकर रुचि प्रकट की।

इन्वेस्टर मीट के बाद इरानियन स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में डबल इंजन सरकार की नीतियों और योगी सरकार की 25 से अधिक सेक्टोरल पॉलिसीज को प्रमोट किया। इस दौरान हजार से ज्यादा यूपी के प्रवासी उत्तर प्रदेश की विकासगाथा को सुनकर उत्साहित हो उठे और आयोजन स्थल थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी के नारे से गुंजायमान हो उठा।

### यूपी डायस्पोरा को मिला प्रदेश भ्रमण का निमंत्रण

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उपलब्ध कराये गए मेक इन इंडिया के अवसरों, इंफ्रा एवं उनके द्वारा स्टाम्प विभाग में अनिवासियों की सुविधा के लिए उठाये गए कदमों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस विषय में इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और इन्वेस्टमेंट के अवसर पर शॉर्ट फिल्म का मंचन भी किया गया तथा विभिन्न विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए।

उत्तर प्रदेश के सिंगल विंडो सिस्टम व इन्वेस्ट यूपी के प्रयासों से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन भी दिया गया। कार्यक्रम में दुबई के यूपी डायस्पोरा को अपने पूरे ग्रुप के साथ एक बार काशी, मथुरा, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज भ्रमण कर आकर देखने का न्योता भी दिया गया, ताकि वह यहां पर आकर देश-विदेश के लोगों में उत्तर प्रदेश को मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट कर सकें।

### दीपक त्रिपाठी के गीतों व कंचन अवस्थी के नृत्य ने बांधा समां

कार्यक्रम में सीएम योगी के विजन अनुसार, यूपीडीएफ के दुबई कल्चरल फोरम ने दुबई में सफल भारतीय एवं उत्तर प्रदेश के सफल प्रवासियों पर जो दुबई में रह देश दुनिया में सफलता का परचम लहरा रहें हैं उनके संघर्षों और सफलता पर एक एक किताब संग्रह निकालने की घोषणा की, ताकि भारत के युवा उद्यमी उनके इस साझा किये गए संघर्षों और अनुभवों से काफी कुछ सीख सकें। सांस्कृतिक कार्यक्र में लखनऊ से आये लोक गायक दीपक त्रिपाठी के गानों और यूपी की कंचन अवस्थी नृत्य पर पूरा हाल झूम उठा। कार्यक्रम में मथुरा के चार्टर्ड अकाउंटेंट और वर्तमान में यूपी डायस्पोरा यूपी कनेक्ट के महसचिव साहित्य चतुर्वेदी नेतृत्व में मथुरा के कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन भी हुआ। दुबई में यूपी कनेक्ट के चेयरमैन डॉ राजेश अग्रवाल, वाईस चेयरमैन चंद्रशेखर भाटिया, नदीम जैदी और हुमैर सिद्दीकी उपस्थित रहे। इस दौरान, यूएई के पूर्व मंत्री मोहम्मद सईद किंदी में भारत की जी भर प्रशंसा की और पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित रह डायस्पोरा का हौसला बढ़ाया।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म एवं गला कसकर हत्या का प्रयास

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। चिनहट में सोमवार को एक नाबलिग लड़की झाड़ियों में बदहवास हालत में पड़ी मिली। उसके हाथ-पैर और गला दुपट्टे से बंधा था। आशंका जतायी जा रही है कि उसके साथ गलत हरकत की गई है।

उसे मारने के इरादे से दुपट्टा से गला कसा गया है। पुलिस ने लड़की को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, इलाके में रहने वाली 14 साल की लड़की नित्यक्रिया के लिए सुबह चार बजे घर से निकली और वापस नहीं लौटी। काफी देर होने पर जब वह वापस नहीं आयी तो घरवालों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। परिवार के लोगों की नजर झाड़ियों में पड़ी तो देखा कि किशोरी का दुपट्टा से गला कसा हुआ है। हाथ-पैर भी बंध हुए हैं। पीड़िता को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने तीन लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि यह तीन लोगों ने बेटी के हाथ पैर बांध दिए फिर उसके साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद आरोपितों ने उसके दुपट्टे से गला कस दिया। पीड़िता के बेहोश होने पर आरोपित उसे मरा समझ कर भाग गए। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया है।


## आउटर रिंग रोड पर डंपर की टक्कर से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रविवार रात दुकान से घर लौट रहे बाइक सवार मोबाइल व्यापारी की डंपर की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे के समय उन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, हादसे के बाद डंपर ड्राइवर गाड़ी समेत मौके से भाग निकला। मलिहाबाद के रामनगर निवासी अजय प्रताप उर्फ रानू (35) की काकराबाद में मोबाइल की दुकान थी। चाचा सतीश के मुताबिक दुकान एक माह से बंद चल रही थी। रविवार शाम को वह दुकान देखने गया था। दुकान देखकर वह बाइक से घर लौट रहा था। शाम करीब 7:30 बजे अजय आउटर रिंग रोड पर दुबग्गा के मलहा के पास पहुंचा था तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद भी डंपर ड्राइवर ने रफ्तार कम नहीं की उन्हें रौंदते हुए वह निकल गया। मौके पर ही अजय की मौत हो गई। परिवार में पत्नी रंजिता व तीन वर्ष की बेटी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर दुबग्गा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, आरोपित ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## यूपी उपचुनावः भाजपा ने नौ सीटों पर तय किए प्रत्याशी, एक रालोद के लिए छोड़ी; दिल्ली में हुआ मंथन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर रविवार को दिल्ली में हुई भाजपा की अहम बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर सहमति बन गई है। बैठक में यह भी तय किया गया कि पार्टी नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी और एक सीट सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल के लिए छोड़ेगी। एक-दो दिन में उपचुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह शामिल हुए।

सूत्र बताते हैं कि पिछले दिनों भाजपा कोर कमेटी ने जिन नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व को भेजा था उन पर चर्चा के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दे दिया गया। बैठक में मीरापुर सीट को रालोद के लिए छोड़ने का निर्णय भी किया गया है। यह सीट पहले भी रालोद के पास ही थी। निषाद पार्टी जरूर उपचुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थी लेकिन सूत्रों के अनुसार उसे कोई सीट नहीं मिलेगी। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री मौर्य को निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद से बात करने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, फूलपुर, मंझवा और सीसामऊ पर उपचुनाव होना है। इनमें पांच सीटें समाजवादी पार्टी जबकि रालोद और निषाद पार्टी के पास एक-एक और भाजपा तीन सीटों पर विधानसभा चुनाव में भाजपा जीती थी।

# युवक की हिरासत में मौत मामले में चार पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज, सियासत शुरू

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। जुआ खेलने के आरोप में पकड़े गए विकास नगर निवासी 25 वर्षीय दलित युवक अमन की पुलिस हिरासत में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सिपाही शैलेंद्र को निलंबित कर उसके साथ चार पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पर गैर इरादतन हत्या की धारा लगाई गई है। सभी पर एससी-एसटी एक्ट की भी धाराएं लगाई गई हैं।

इस मामले ने राजनीतिक रूप से तूल पकड़ लिया है। बसपा अध्यक्ष मायावती द्वारा कार्रवाई की मांग के बाद रविवार को नगीना सांसद चंद्रशेखर, सपा सांसद आरके चौधरी, भाजपा विधायक डॉ. नीरज बोरा और बसपा के लोग पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पीड़ित परिवार से मिलने सोमवार सुबह दस बजे जाएंगे। उधर, मृतक की पत्नी का आरोप है कि देवी जागरण की तैयारी करा रहे उनके पति को पुलिस ने जबरन पकड़ा और उसकी पिटाई भी की, जिससे मौत हुई है।

### जुआ खेले जाने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

विकासनगर सेक्टर आठ अंबेडकर पार्क में शुक्रवार देर रात जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मौके से पुलिस ने 25 वर्षीय अमन और उसके साथी को पकड़ा था और थाने लेकर आई तभी अमन बेसुध हो गया था। पुलिस वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। इसको लेकर शनिवार और रविवार खुर्रमनगर मार्ग पर जमकर बवाल हुआ और सड़क जाम कर दी गई।

### घटना से पहले का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

इस बीच घटना से पहले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें अमन और उसके दोस्त सोनू को पुलिसकर्मी हाथ पकड़कर आराम से पैदल ही ले जाते दिख रहे हैं। पीछे-पीछे अमन का परिवार और उसकी पत्नी रोती हुई दिख रही हैं।

## सहायक पुलिस आयुक्त ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीण जनता को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, निगोहां थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर गढ़ी गांव में सोमवार के दिन पुलिस व जनता के बीच आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने हेतु जनचौपाल की गई। एसीपी रजनीश वर्मा ने जनचौपाल में उपस्थित सभी लोगों को नशे में जागरूकता अभियान और संलिप्तता पर कार्यवाही और लोगो को रात्रि में उड़ रहे ड्रोन के बारे मे जानकारी दी गईं इसके साथ ही यह भी बताया गया की किसी अफवाह पर ध्यान न दे और साइबर अपराध जैसे त्योहारों में कोई ऑफर आए व सरकारी योजनाओ से संबंधित अगर कोई कॉल आये तो अलर्ट हो जाए जमीन सम्बन्धी विवाद तहसील दिवस और थाना दिवस महिला सम्बंधित अपराध के संबंध में लोगो को जागरूक किया गया व लड़कियों को स्कूल कॉलेज भेजनें व सीसीटीवी कैमरे को लगाने के लिए लोगो को प्रेरित किया गया। इस दौरान जन चौपाल




में सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा के साथ निगोहाँ थानाध्यक्ष अनुज तिवारी कई पुलिसकर्मी सहित उपस्थित रहे वही जन चौपाल में काफी संख्या में लोग भी मौजूद रहे।

## इकलौते बेटे ने फांसी लगाकर दी जान ,मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। मंगटईया गांव में किसान के इकलौते बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी। पड़ोसियो ने किसान के बेटे का शव घर के कमरे में लगी लकड़ी की बल्ली में साड़ी के फंदे के सहारे लटकता देखा तो परिजनो को सूचना दी,जिसके बाद खेत से परिजन घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा। निगोहां के मंगटईया गांव निवासी किसान लाखन सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह सात बजे के करीब वोअपनी पत्नी के साथ खेतो में तिलहन काटने गया हुआ था घर में बेटा धर्मपाल(30वर्ष)अकेला था तभी उसने कमरे की छत में लगी लकड़ी की बल्ली में साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।पड़ोसियो ने बेटे का शव कमरे में लटकता देखा तोखेत पहुंचकर सूचना दी जिसके बाद पिता व मां ने मौके पर पहुंचकर इकलौते बेटे का शव लटकता देखा तो कोहराम मच गया।

मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था उसके दो भाईयो की पहले ही मौत हो चुकी है। सूचना के बाद थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में मजदूर के फांसी लगाकर जान देने के कारणो का पता नही चल सका है।

# पदमजा ग्रुप पर सरकारी चकमार्ग कब्जा कर प्लाटिंग करने का लगा आरोप

**(एसडीएम ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच कर सरकारी चकमार्ग से कब्जा हटाने के दिये निर्देश)**

**(महिला ने मीरखनगर में स्थित अपनी कृषि योग्य भूमि पर लेखपाल समेत अन्य पर जबरन कब्जा करने का का लगाया आरोप)**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में पदमजा ग्रुप द्वारा सरकारी जमीनो पर कब्जा कर प्लाटिंग करने के मामले थमने का नाम नही ले रहे है.सोमवार को मोहनलालगंज कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा व एसीपी रजनीश वर्मा से विपिन द्विवेदी निवासी गौरा ने लिखित शिकायत करते हुये बताया उनके गांव में स्थित गांटा स०-2389 रकबा-0.1300हेक्टेयर जो कि सरकारी अभिलेखों में चकमार्ग दर्ज है,जिस पर हल्का लेखपाल की मिलीभगत से पदमजा ग्रुप कब्जा कर अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहा है।शिकायतकर्ता ने बताया इसके पहले भावाखेड़ा व कनकहा में भी पदमजा ग्रुप ने सरकारी जमीनो पर कब्जा कर प्लाटिंग कर रखी थी,शिकायत पर तत्कालीन एसडीएम ने अवैध कब्जे हटाये थे।एसडीएम ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच के बाद सरकारी चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवाये जाने के निर्देश दिये।दूसरी शिकायत एसीपी रजनीश वर्मा से महिला रामावती निवासी फत्तेखेड़ा ने करते हुये बताया उसकी एक बीघा तीन बिस्वा कृषि योग्य भूमि मीरख ?नगर गांव में जिस पर वो बीते नौ वर्षो से काबिज है ओर खेती कर रही है,बीते रविवार को उसकी कृषि योग्य भूमि में खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जुताई कराकर दबंग सुभाष यादव निवासी मीरकनगर,लेखपाल सर्वजीत यादव उर्फ राधे निवासी देवीखेड़ा,बाबूलाल निवासी भदोही पड़ियाना ने जबरन कब्जा कर लिया।अपनी जमीन कब्जा होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची तो दबंगो ने जातिसूचक गालियां देते हुये दोबारा जमीन पर दिखाई देने पर जान से मार देंगे।जिसके बाद वो सहम गयी ओर वापस लौट आयी।पीड़िता ने बताया दबंगो ने उसकी कृषि योग्य जमीन के पीछे दूसरी जमीन खरीदकर जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया।पीड़िता ने बताया उसकी जमीन पर कब्जा करने वाला सर्वजीत यादव सरोज ?नीनगर तहसील में लेखपाल है।एसीपी ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमो को मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही के लिये रिपोट मांगी है।थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव समेत सभी उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी ने चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजिनीनगर पुलिस ने गेहरू गांव में प्रभारी निरीक्षक द्वारा आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया। अपराध मुक्त बनाने, व चोरी जैसी घटनाओं में लगाम लगाने को लेकर और महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए रविवार को सरोजिनीनगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामदेव प्रजापति और अमौसी चौकी इंचार्ज अंकित बालियान व अन्य पुलिस कर्मी ने गेहरु गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। चोरों द्वारा ड्रोन कैमरा उड़ाने को लेकर ग्रामीण काफी दहशत में थे। थाना प्रभारी रामदेव प्रजापति ने ग्रामीणों को डीआरडीओ के बारे में जानकारी देते हुए बताया की चोर ड्रोन कैमरा नहीं उड़ा रहे हैं बल्कि चोरी जैसी घटनाओं में नजर रखने के लिए डीआरडीओ की तरफ से ड्रोन उड़ा कर निगरानी रखी जा रही है। और वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइबर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिंक अथवा ओटीपी शेयर न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि गांव में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझा लिया जाए, जिससे थाना व कचहरी जाने से बचा जा सके। बाद में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। इस मौके पर मोहित प्रधान, गुड्डू सिंह चौहान, रवि प्रताप सिंह, व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो बाल अपचारी गिरफ्तार , सात मोटरसाइकिल बरामद

अमन लेखनी समाचार

आलमबाग ,आशियाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीती रात दो बाल अपचारियों को चोरी की बाइक संग गिरफ्तार किया है जिनके निशानदेही पर देवीखेड़ा के झाड़ियों में छुपाकर रखी गई 6 और बाइके बरामद किया गया हैं आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक से घूम रहे दो बाल अपचारी को देवीखेड़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है जिनके निशानदेही पर देवीखेड़ा के झाड़ियों में छुपाकर रखा गया छः और चोरी की बाइक बरामद किया गया हैं पुलिस की गिरफ्त में आये बाल अपचारियों में एक मोहनलालगंज क्षेत्र का रहने वाला है और दूसरा आशियाना क्षेत्र का रहने वाला हैं बरामदगी आधार पर दोनों बाल अपचारियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए किशोर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया हैं

## राजस्थान के व्यपारी संग लूट करने वाले आरोपित वांछित गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।राजस्थान से लखनऊ आए व्यपारी को डरा धमकाकर लूट करने वांछित आरोपित को पुलिस ने सोमवार को नादरगंज की तरफ से नहर के रास्ते अलीनगर सुनहरा विजयनगर के पास से मिलने वाली सडक से गिरफ्तार किया है वही पुलिस ने गिरफ्त मे आए शातिर के पास से तलाशी के दौरान दो मोबाइल फोन बरामद करने के साथ आरोपित को थाने मे दर्जा मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया है ।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताता कि पुलिस पूछतांछ मे आरोपित ने अपना परिचय प्रद्युम्न रावत उर्फ बॉबी पुत्र स्व मनोज कुमार ग्राम भिटौली निकट फ्लाईओवर सीतापुर रोड थाना मडियाव जनपद लखनऊ निवासी के रूप मे दिया है ।पुलिस के अनुसार बीते 12 अक्टूबर को जनपद चित्तौडगढ राजस्थान निवासी रवि पटवा पुत्र स्व० सम्पत लाल पटवा निवासी ग्राम अकोला थाना अकोला ने अपने मित्र सोनू, रवि पटवा और मनीष पटवा के साथ अपनी बुआ सीता देवी के अलीनगर सुनहरा स्थित घर पर देर रात्रि पार्टी करने के बाद रवि और मनीष को मार पीट कर उनकी गाडी xuv 500, 01 सोने की चैन व सैमसंग का मोबाइल छीनकर भाग जाने का आरोप लगा नामजद शिकायत की थी पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी आरोपित के एक साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है मुख्य आरोपित सहित मुख्य आरोपित की तलाश की जा रही है

# स्कूली बच्चो व महिलाओ को किया जागरुक : एसीपी

अमन लेखनी समाचार



निगोहां।स्वस्थ समाज के लिए बच्चों का नशामुक्त होना जरूरी है। बच्चे कल के कर्णधार हैं। इसलिए उनको हर हाल में नशे से दूर रखना होगा तभी हम स्वस्थ समाज की कल्पना कर सकते हैं।इसके लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा...उक्त बाते सोमवार को एसीपी रजनीश वर्मा ने निगोहां के रामपुर गढी जमुनी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित चौपाल में ग्रामीणो व महिलाओ से कही।उन्होने कहा कि नशा समाज को दानव की तरह निगलने को तैयार है।इससे हमें बचना होगा।नशे से सिर्फ बच्चे का ही भविष्य नहीं बल्कि पूरा परिवार बर्बाद होता है।उन्होने जनचौपाल में मौजूद लोगो से बच्चो को नशे से बचाने के साथ ही शिक्षित करने की अपील भी की।एसीपी ने महिलाओ से कहा कि घरेलू हिसा से बचने का सही तरीका है जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छिपाने के बजाए पुलिस से शिकायत करें। जो महिला किसी बात को लेकर अपने स्वजन से न कह पाती हों वह महिला हेल्पडेस्क नंबर 1076 व थाने पहुंचकर अपनी समस्या कहें। कही भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो महिलाएं बेझिझक होकर हेल्पलपाइन नम्बर पर सूचना दें। त्वरित कार्रवाई की जाएगी।एसीपी ने साइबर अपराधो से बचाव की भी जानकारी दी।चोरी की अफवाहो पर ध्यान ना दे,गांवो में किसी भी सदिग्धं के दिखने पर पुलिस को तत्काल सूचना दे।गांवो में रात्रि में उड़ने वाले ड्रोन कैमरो से बिल्कुल ना डरे।प्रधान सत्य प्रकाश ने एसीपी रज ?नीश वर्मा व थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र समेत स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया।एसीपी व थाना प्रभारी ने 110स्कूली बच्चो को स्टेशनरी किट वितरित की।एसीपी ने जनचौपाल कार्यक्रम में सभ्रान्त लोगो समेत पत्रकारो को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक शिव सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह,प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी,प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित,विकास सिंह, सभासद हिमांशु तिवारी,पत्रकार एसोसिएशन सयुक्तमंत्री अनुपम मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह चौहान,उमेश गुप्ता,मुकेश मिश्रा,मोईन खान,जय शुक्ला,करन रावत समेत काफी संख्या में स्कूली बच्चे व महिलाये मौजूद रही

## सरोजनीनगर के इन इलाके में बंद रहेगी आठ घंटे बिजली

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर के कई इलाकों में मंगलवार को विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से शाम चार बजे तक बंद रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए विद्युत उप खंड अधिकारी एम ए आलम ने बताया कि 132 के०वी० सरोजनी नगर लाइन के सुद्ढीकरण हेतु इस लाइन के मौजूदा पैंथर कण्डकटर नये एच० टी० एस० कण्डकटर से बदला जाएगा।विद्युत सुधार कार्य के लिए शटडाउन लिया जाएगा।इसलिए आठ घंटे बिजली बंद,रहेगी सरोजनीनगर के इन इलाकों में बंद रहोगी विद्युत आपूर्ति गहरु जयराजपुरी गौरी विहार मक्का खेड़ा सिद्धार्थ रूपखेड़ा रानीपुर हडाइन खेड़ा गडरियन खेड़ा में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# संक्षेप

## अवैध पटाखा समेत युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखे का भंडारण करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आजाद मार्ग स्थित कटहा दलनारायनपुर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में पटाखे बरामद किए। पुलिस के अनुसार, मदनी नगर निवासी मोहम्मद तनवीर ने दलनारायनपुर में बिना किसी लाइसेंस के पटाखों की दुकान खोल रखी थी। दीपावली त्योहार को देखते हुए उसने बाहर से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और पटाखे मंगवाकर जमा कर रखे थे। पुलिस ने रविवार को बरामद किए गए सभी पटाखों को नष्ट कर दिया।

## घर में घुसकर शोहदे ने किशोरी के साथ की छेड़छाड़

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। किशोरी को अकेली देख गांव निवासी मनचले ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की गई इस दौरान किशोरी के विरोध करने पर जानमाल की धमकी देकर भाग निकला पिता ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते 13 अक्टूबर को उसकी 13 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी तभी गांव निवासी युवक घर में घुस आया तथा पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा जिसका विरोध करने पर वह गाली गलौज करता हुआ जानमाल की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया।आहत पिता ने युवक को नामित कर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करते नागरिक

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। आबादी के बीच से रेलवे लाइन निकली हैं बाजार के सामने क्रॉसिंग नहीं होने से लोग रेलवे ट्रैक पार करते हैं थाना बिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहार आबादी के बीच से रेलवे लाइन पुराने जमाने से बिछी हुई है प्रतिदिन ट्रेनों का संचालन हो रहा है इलेक्ट्रॉनिक रेलवे लाइन होने के कारण गाड़ियां बहुत ही रफ्तार से आती जाती है ग्राम पंचायत बिहार की आबादी रेलवे लाइन के दोनों दिशाओं में बसी हुई है दक्षिण दिशा में आबादी के ही अंदर राधागंज मोहल्ले में बाजार लगती है जो उसे क्षेत्र के कई किलोमीटर से लोग घर गृहस्थी की समान लेने के लिए बाजार के दिन आते जाते हैं बाजार के सामने रेलवे लाइन में कार्सिंग नहीं होने के कारण सीधा ही लोग रेलवे ट्रैक पार करते हैं जिसके कारण खतरा लगातार बना हुआ है यदि रेलवे विभाग के द्वारा शीघ्र रास कोई विकल्प नहीं निकाला गया तो बड़ी अनहोनी घटना घटित हो सकती है

# उम्मीद परियोजना के अंतर्गत सम्पन्न हुई अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विभागों के साथ खण्ड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक की गयी।इस बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग), पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग (बेसिक कार्यालय एवं सभी इन्टर कॉलेज),आई.सी.डी.एस., की प्रतिभागिता रही।




बैठक में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया से श्री भारत कुमार जैन ने सभी का स्वागत करते हुए उम्मीद परियोजना के अंतर्गत जरवल ब्लॉक में चलाए गये बाल विवाह के विरुद्ध अभियान एवं कार्यक्रम की प्रगति को साझा किया,जिसमें विद्यालयों में गतिविधियाँ, समूह बैठक, स्वास्थ्य मेला,हस्ताक्षर अभियान, शपथ कार्यक्रम आदि के द्वारा जन-जागरूकता कार्य किया जा रहा है।

बैठक में खण्ड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे इसके लिए इस बैठक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, उन्होंने बाल विवाह के विरुद्ध कार्यक्रम को बीघापुर के विद्यालयों में आयोजित करने हेतु कहा।

डॉ पंकज कुमार पांडेय, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र, बीघापुर ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है, निश्चय ही इस प्रयास से ब्लॉक में कार्यक्रम के प्रगति में तेजी आएगी। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक ने स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता एवं कार्यक्रम के बारें में विस्तार से बताया, साथ ही किशोर स्वास्थ्य के अंतर्गत विद्यालयों में दी जा रही सेवाओं के बारें में भी चर्चा किया। मधुबाला शुक्ला प्रधानाचार्य, पार्वती बालिका इंटर कॉलेज ने कहा कार्यक्रम की शुरूआत उनके विद्यालय से की जा सकती है,इसमें पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में भी इस मुद्दे पर चर्चा किया जा सकता है। कार्यक्रम में आगे बताते हुए भारत कुमार जैन ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उददेश्य जनपद में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, आरोग्य मंदिर और उप केंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना,उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं,एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना,व्यवहार परिवर्तन (एसबीसीसी) टूल और जॉब एड्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए उनके कौशल में सुधार करना,और समुदायों के बीच परिवार कल्याण जागरूकता और स्वीकृति बढ़ाना है। इसके साथ ही कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था, नए तरीकों और पुरुष सहभागिता सहित गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी.डी.ओ. विनोद मणि त्रिपाठी, ए.डी.ओ. शुशील कुमार पांडेय ,सी.डी.पी.ओ. अनामिका तिवारी आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। विभिन समस्यायों को लेकर हरि हर गौ एवं जन सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद गंगा घाट, पंकज यादव के नेतृत्व में आधा सैकड़ा लोगों ने पालिका पहुंच कर एक पांच सूत्रीय ज्ञापन नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गंगाघाट द्वारा जिला अधिकारी जनपद उन्नाव ,को प्रेषित किया जिसमें मुख्य रुप से वार्ड नं 2 में निवास कर रहे लोगों के निवास के अन्दर एकत्रित दूषित जल भराव व गलियों में एकत्रित जल भराव से हो रही समस्यायों के निदान की मांग उठाई अधिशासी अधिकारी के न मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे को सौंपा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पंकज यादव ने बताया के दूषित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण वार्ड नंबर दो में निवास कर रहे लोगों के घरों में दूषित जल भरा हुआ है व नालियों में भी भीषण दूषित जलभराव है जिस कारण वार्ड में रह रहे लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं



व मच्छरों के प्रकोप से नौनिहाल भी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं

नगर पालिका परिषद गंगा घाट क्षेत्र के अधिकांश वार्डो में दूषित जल निकासी की सुचारू रूप से व्यवस्था न होने के कारण नगरवासी विभिन्न रूप की बीमारियों का शिकार हो रहे हैंक व नगर में नगर पालिका द्वारा गलियों में सड़क मार्ग में कराए जा रहे निमार्णों में क्षेत्र के भवन स्वामीयों के सुविधाओ की अनदेखी से रोड ऊंची हो रही हैं और भवन भूमि के अन्दर होते जा रहे हैं नगर पालिका क्षेत्र में पूर्व में कार्यरत रहे इंजीनियरों व जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण नगर पालिका क्षेत्रनिवासियों को आर्थिक मानसिक समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे मनीष कश्यप, पंकज यादव, सुनीता श्रीवास्तव, प्रेम, अंकित मिश्रा, नीरज यादव, कपूर चंद, जितेंद्र वर्मा, हर्ष कुमार, प्रेमदेवी सुषमा रानी आदि रहें ।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला किशोर का शव



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर निवासी संविदा लाइनमैन श्याम मिलन का 14 वर्षीय बेटा सत्यम मिर्री कला स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय में कक्षा नौ में पढ़ता था।सोमवार को स्कूल से घर पहुंचा था।जहाँ खाना खाकर खेत पर मवेशी चराने गया था।लगभग तीन बजे खेत पर पहुंचे बड़े भाई उत्तम ने सत्यम को नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका देख उसके होश उड़ गए। आनन फानन उसे लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा।जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पिता ने हत्या का आरोप लगाया है।सत्यम की मौत से मां ऊषा,भाई उत्तम ,बहन आराध्या बेहाल रहे।कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अनियंत्रित डंफर ने साईकिल सवार युवक को मारी टक्कर, घटना स्थल पर दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।थाना माखी क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर तेज रफ्तार डंफर ने सायकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे परिजनो व ग्रामीणों ने हरदोई उन्नाव मार्ग पर जाम लगा कर हंगामा करने लगे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी ने परिजनो को समझा बुझाकर मार्ग पर यातायात को सुचार रूप से चालू करवाकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया थाना प्रभारी ने बताया कि चालक को डंफर समेत हिरासत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं




थाना माखी क्षेत्र के डीहा रऊ करना निवासी मुन्नू 45 वर्ष पुत्र बाबू राज मिस्त्री का काम करता था जो बीती देर शाम उन्नाव से काम समाप्त कर सायकिल से वापस अपने घर जा रहा था थाना माखी क्षेत्र के हरदोई उन्नाव ग्राम थाना के पास तेज रफ्तार डंफर ने पीछे से युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई दुर्घटना की खबर मिलते ही मौके पर परिजन व ग्रामीण पहुंचे और हरदोई उन्नाव मार्ग पर जाम लगा कर हंगामा करना शुरू कर दिया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संदीप मिश्रा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे वही क्षेत्राधिकारी माया राय मौके पर पहुंची और परिजनो को समझा बुझाकर मार्ग पर यातायात सुचार रूप से चालू कराया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि डंफर को चालक समेत हिरासत में ले लिया गया है अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं।

## गंगा तट पर जाने के लिए गंदे पानी से गुजर रहे श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। नाले का गंदा पानी किनारे भर गया है जिससे श्रद्धालुओं को गंगा स्नान के लिए उस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पालिका से शिकायत की। श्रद्धालुओं ने बताया कि पिछले साल एक समाजसेवी ने इस समस्या का समाधान निकालते हुए एक रास्ता बनवाया था। इस बार पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने भी इस समस्या पर ध्यान देते हुए जेसीबी मशीन लगवाकर एक नया रास्ता बनवाना शुरू कर दिया है। इस नए रास्ते के बन जाने से अब श्रद्धालु आसानी से और साफ-सुथरे तरीके से गंगा की मुख्य धारा तक पहुंच पाएंगे। यह कदम स्थानीय लोगों के लिए काफी राहतदायक है। अब वे बिना किसी परेशानी के गंगा स्नान कर सकेंगे और अपनी आस्था को निभा सकेंगे। पालिका द्वारा उठाए गए इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## ग्रामीणों की समस्या देख समाजसेवी ने लगवाया हैंडपंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड असोहा क्षेत्र के सेमरी गांव में पानी की समस्या को देख समाजसेवी ने हाँथ बढाया , गांव के शिव मंदिर के पास समाजसेवी विनोद शुक्ल ने हैंड पंप लगवा कर लोगो की पानी की समस्या को दूर किया । मंदिर के पास ओमप्रकाश त्रिवेदी , पप्पू ।दर्जी , कमरू अली , मुरली , सफीक ,राकेश ,लालू मनिहार सहित पचास घरो के लोगो को पानी की समस्या थी , लोगो की समस्या को देख गांव के ही समाज सेवी विनोद शुक्ल ने नल लगवा कर पानी की समस्या को दूर किया । ग्रामीण डॉ पुत्तन शुक्ल ,सुरेश , बचोले ,सुनील अवस्थी ,बबलू ,कल्लू कश्यप ,विनोद , सुरेश रावत आदि ने बताया कि विनोद शुक्ल हम लोगो के हर सुख दुख में खड़े रहते है ,ग्रामीणों ने बताया कि पिछले छह वर्षो में गांव में पानी की विकराल समस्या को देख अलग अलग स्थानों पर चार नल लगवा कर लोगो की समस्या को दूर किया है।

# 24 वाँ धनुष यज्ञ महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा जनपद पुलिस नियंत्रण कक्ष / 112- फडकढ प्रभारी के रूप में पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को सम्मानित करके अभिनंदन किया गया, समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अनूप मिश्रा के सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना की गई। मुख्य संरक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा द्वारा पुलिस की ड्यूटी को बाखूबी निभाने के साथ साथ जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और मिशन ग्रीन एंड क्लीन के जरिये उन्नाव को सुंदर स्वच्छ हरा भरा बनाने के लिये सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बैठक में शामिल समिति के के सदस्यों और सभ्रांत लोगों ने कभी कभी 112 पर फोन लाइन व्यस्त होने की वजह से , जल्द संपर्क न होने पर और आज कल चोरो के कारण या किसी अप्रिय घटना के कारण तत्काल पुलिस को कैसे सूचित करने के प्रशन पर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बताया की किसी को पुलिस को किसी सूचना को देकर तुरंत मदद की जरूरत हो तो आप पुलिस कंट्रोल रूम के 9454417447 नंबर 0515 2820368 पर काल करे उन्नाव जनपद पुलिस आपकी सेवा में आपके बताये स्थान पर तुरंत पहुँच कर आपकी मदद मे खड़ी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग किसी अप्रिय घटना या आकस्मिक दुर्घटना की विषम परिस्थितियों में इन नंबर पर सूचना देकर उन्नाव पुलिस की प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति की बैठक सिविल लाइन स्थित मुख्य संरक्षक अनुराग अवस्थी के आवास पर संपन्न हुई। उक्त बैठक में आगामी 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह और 24 वें धनुष यज्ञ महोत्सव की रूप रेखा तय की गयी और कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग अवस्थी द्वारा संयोजित बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी और संचालन समिति महामंत्री धर्मेन्द्र सोनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक शैलेंद्र दीक्षित, योगेंश पांडेय, अनूप मिश्रा अपूर्व ( सब इंस्पेक्टर ), ओम शंकर शुक्ल, सुरेश दिवेदी अधिवक्ता, प्रमोद शर्मा जी, शैलू शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता, राजू दिवेदी,आदित्य मिश्रा, शैलेंद्र पांडेय, हिमांशु ,अजीत श्रीवास्तव ,आयुष मिश्रा,बीना पटेल,नितेश सैनी,अतुल अवस्थी,राधे श्याम मिश्रा सहित समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छात्रा बनी एक दिन के लिए क्षेत्राधिकारी, सुनी लोगों की फरियाद



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत आज बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आर आर डी एस इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा अदीबा सिद्दीकी को आज सोमवार एक दिवस के लिए अपना दायित्व सौंपा। छात्रा अदीबा ने अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए करीब एक दर्जन फरियादियों की समस्याओं को बड़े गौर से सुना। समस्याएं सुनने के बाद छात्रा ने उनका विधि सम्मत निराकरण भी किया। पुलिस उपाधीक्षक के दायित्व का निर्वहन कर रही छात्रा की निर्णायक क्षमता को देखकर सीओ अरविंद कुमार सहित सभी पुलिस कर्मियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। छात्रा कुमारी सिद्दीकी ने बताया कि सीओ का दायित्व निभाते समय उसे जनसमस्याओं के प्रति विशेष अनुभव हुआ है और इसके वह गौरवान्वित महसूस कर रही है।

# आदर्श ग्राम पंचायत में बैठक का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। विकास खंड गंजमुरादाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत ब्योली इस्लामाबाद को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चयनित होने पर ब्लाक द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि आज ग्रामीण गांव में ही सरकार के विभिन्न विभागो के स्टालों पर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में जो भी मूलभूत सुविधाओ की कमी है वे अब आदर्श ग्राम घोषित होने से जल्द पूरी हो जायेगी। सरकार की मंशा है कि लोगो को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले और कोई भी गरीब सरकारी योजना से वंचित न रहे। उन्होंने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है। सरकार का प्रयास है कि गांव का गरीब,किसान व मजदूर खुशहाल हो। बैठक में एडीओ पंचायत राकेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह, प्रमेश चौधरी, गुड्डू सिंह, अखिलेश सिंह व श्रवण तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# ई-वेंडिंग जोन का व्यापारियों ने किया विरोध

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर पालिका प्रशासन द्वारा आईबीपी चौराहे से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर ई-वेंडिंग जोन का निर्माण करने की योजना के खिलाफ स्थानीय व्यापारियों ने कड़ा विरोध जताया है। जिलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि इस योजना से व्यापारियों के व्यापार पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आईबीपी चौराहे से स्टेशन रोड तक का यह मार्ग पहले से ही व्यस्त है और इसमें ई-वेंडिंग जोन के निर्माण से व्यापारियों की पक्की दुकानों के सामने आने वाला रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाएगा। इससे ग्राहक दुकानों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करेंगे, जिससे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो सकता है।व्यापारियों का कहना है कि यदि इस मार्ग पर ठेले वाले फल और सब्जियों के स्टॉल स्थापित किए जाते हैं तो न केवल दुकानों के सामने रास्ता बंद होगा बल्कि ग्राहक और खरीदारों के लिए पार्किंग की समस्या भी उत्पन्न होगी। यह स्थिति जाम की समस्या को और बढ़ाएगी। जिससे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।अखिलेश अवस्थी ने डीएम से अनुरोध किया है कि वे इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेकर इसकी जांच करें और ई-वेंडिंग जोन के निर्माण को तुरंत रोका जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्माण से न केवल व्यापारियों को नुकसान होगा बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होगी। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो वे सड़कों पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य नगर पालिका प्रशासन के साथ मिलकर इस मुद्दे का समाधान करना है । नगर पालिका प्रशासन ने कहा है कि वे विचार करेंगे और उचित निर्णय लेंगे।

## मंदिर प्रांगण में लगभग आधा सैकड़ा पौधे किए गए रोपित

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।क्षेत्र के दो मंदिर परिसरो पर संस्था द्वारा आधा सैकड़ों पौधे रोपित किए गए। संस्था के कार्य से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। लक्ष्मी फाउंडेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा क्षेत्र के तौरा गांव स्थित हनुमान मंदिर व तूरी गांव स्थित भरथली बाबा मंदिर प्रांगण में वृहद पौध रोपण अभियान चलाया गया।संस्था के चेयरमैन अनिल कुशवाहा ने संस्था के अन्य लोगो के साथ मिलकर आधा सैकड़ा पौधे रोपित किए। अनिल कुशवाहा ने बताया कि हमारी संस्था सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर हिस्सा लेती है। पौधे रोपित करना हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। बताया कि हम सभी को कम से कम एक एक पौधा अवश्य रोपित करना चाहिए। अनिल कुशवाहा ने रोपित किए गए पौधो की देख भाल के लिए संस्था के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस दौरान अजय, शिवम, शशांक, संतोष, मोहन, नंद किशोर, सुषमेष, बिदा, सचिन आदि लोग मौजूद रहे।

# शादी समारोह में गए परिवार के घर को चोरों ने बनाया निशाना



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के जेर खिड़की मोहल्ले में एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने गया था परिवार ने बीस दिन पहले रसूलाबाद चौकी क्षेत्र में एक शादी में हिस्सा लिया था, लेकिन जब वापस आए, तो देखा कि घर की खिड़कियां टूटी हुई थीं और भीतर का सामान बिखरा पड़ा था।पीड़ित महिला राजदा पत्नी स्व. रजी ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 22 सितंबर को वह अपने परिवार के साथ शादी समारोह में गई थीं। लौटने पर उन्हें अलमारी खुली मिली और सोने-चांदी के जेवरात, अंगूठी समेत हजारों रुपए का सामान गायब था। घटना की सूचना मिलते ही किला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी पड़ोसियों से पूछताछ करने पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली वहीं परिवार के लोग भी यह नहीं बता सके कि चोरी किस दिन हुई। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और घटना की वास्तविकता का पता लगाने के लिए प्रयास किया जा रहा है पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जायेगा

# डिप्रेशन में आकर युवक ने खाया जहर

- मां की मौत के बाद डिप्रेशन में था युवक, बरेली में इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर के थाना कटरा क्षेत्र में एक युवक ने डिप्रेशन में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बरेली के अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मां का 21 दिन पहले निधन हुआ था, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में था। शाहजहांपुर के थाना कटरा क्षेत्र के प्रथ्वी नगला उर्फ नगरिया गांव में शनिवार को 25 वर्षीय प्रशांत गंगवार ने डिप्रेशन में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे तुरंत बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रशांत की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं मृतक के घर के बाहर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी कि 22 सितंबर को प्रशांत की मां का बीमारी के चलते




निधन हो गया था। मां के गुजरने के बाद से ही प्रशांत गहरे डिप्रेशन में चला गया था। वह किसी से बात नहीं करता था और ठीक से खाना भी नहीं खाता था। उसकी स्थिति को देखते हुए परिजन भी परेशान थे। शनिवार को प्रशांत ने डिप्रेशन के कारण जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे बरेली के अस्पताल ले गए, लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कटरा के इंस्पेक्टर ओमशंकर शुक्ला ने बताया कि युवक की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है, और मामले की जांच की जा रही है। प्रशांत की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

## सम्पादकीय

# पाक को खरी-खरी सुनाकर विरोधियों को भी दिया संदेश

जम्मू-कश्मीर में जारी विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। इससे पहले भी भारत ने कई बार पाक हुकूमत को ऐसा संदेश दिया है। दरअसल, केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पाकिस्तान से संबंध सामान्य करने की कोशिश की गई, पाक से आतंकवाद को शह देना बंद करने को कहा गया, खुद पीएम मोदी लाहौर में नवाज शरीफ से मिले, इसके बाद भी जब पाक एस्टाब्लिशमेंट (पाक फौज व पाक खुफिया एजेंसी (आईएसआई) ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद प्रायोजित करना बंद नहीं किया, घुसपैठ कराना नहीं छोड़ा तो भारत ने सख्त एक्शन लिया। भारत ने पाकिस्तान से साफ-साफ कहा कि जब तक वह आतंकवाद बंद नहीं करेगा, तब तक भारत बातचीत नहीं करेगा। पाकिस्तान अपने पाले आतंकवाद से खुद परेशान रहता है, इसके बावजूद वह भारत के खिलाफ प्रायोजित आतंकवाद बंद नहीं करता है। भारत ने जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के लिए कई स्तर पर कदम उठाए हैं। सेना के ऑपरेशन क्लीन से लेकर अनुच्छेद 35 के हटाने व अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान को समाप्त करने व वहां राज्यपाल शासन लगाने तक कई फैसले हुए, इससे आतंकवाद पर 70 फीसदी तक अंकुश भी लगा है। हालांकि हाल के दिनों में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुट सक्रिय हुए और कई आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया। इसमें कोई शक नहीं कि पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट कश्मीर के माहौल को शांत नहीं होने देना चाहती, इसके लिए दहशतगर्दी के नए-नए रूपों का इस्तेमाल करती रहती है। केंद्र सरकार ने जब से कश्मीर में अलगाववादियों की जड़ें काटी हैं, तब से वहां स्थानीय आतंकवाद भी कमजोर हुआ है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद केंद्रीय शासन रहने से पत्थरबाजी की घटनाएं भी कम हुई है। भारत सरकार की ओर से घाटी में आतंकवाद को रोकने लिए किए गए सम्मलित प्रयासों से सकारात्मक बदलाव भी आए हैं। चुनाव के दौरान पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती अलगाववादियों से सहानुभूति वाले बयान दे रही हैं, तो नेशनल कॉन्फ्रेन्स के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला वोटरों को साधने के लिए पाकिस्तान से वार्ता की वकालत कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में स्थिति साफ करते हुए भाजपा के चुनाव प्रचार के लिए कश्मीर गए राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि भारत पाक से बातचीत के लिए तैयार है बशर्ते पाक हुकूमत आतंकवाद बंद कर दे। राजनाथ ने कहा है कि पीओके के निवासियों को भारत का हिस्सा बनना चाहिए। हालांकि भारत अतीत में पीओके को लेकर गलती कर चुका है, चार-चार बार युद्ध जीतने के बावजूद भारत ने पाक से पीओके नहीं लिया। अब गलती सुधारने का वक्त है। संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है, इसे हम लेकर रहेंगे। अभी पीओके में भी पाकिस्तान के खिलाफ आवाज मुखर है, ऐसे में सरकार को कूटनीतिक व सैन्य प्रयास करना चाहिए। सत्ताधारी दल को केवल चुनाव के वक्त ही पीओके की याद नहीं आनी चाहिए। अपना क्षेत्र है, तो अपना बनाने में देरी क्यों है? भारत को पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक व सामरिक रूप से आर-पार की रणनीति पर काम करना होगा। राजनाथ ने आतंकवाद पर पाक को खरी-खरी सुनाकर जम्मू-कश्मीर चुनाव में पाक से वार्ता की वकालत कर रहे नेताओं को भी संदेश दे दिया है।

# लालच बन रहा है साइबर ठगी की वजह



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

इंटरनेट आज आम जनजीवन का अहम हिस्सा बन चुका है, इस प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता के साथ ही अब इससे जुड़ी दुश्वारियां भी सामने आने लगी है। ऐसा कोई भी दिन नहीं गुजरता जब हमें सायबर ठगी से जुड़ी खबरें न मिलती हों। आम जनता को इस धोखाधड़ी से बचाव के लिए बैंक, पुलिस सहित तमाम एजेंसियां लगातार अपील कर रही हैं कि वे किसी भी व्यक्ति को बैंक एकाउंट नंबर, पिन, पासवर्ड, ओटीपी आदि न बताएं और न ही किसी अनजाने लिंक को क्लिक करें और न ही किसी अनजाने विडियो काल को उठाएं बावजूद लोग इस गिरोह के चंगुल में फंसकर जीवन भर की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। हाल ही में भिलाई स्टील प्लांट के एक रिटायर्ड अफसर के साइबर ठगों के जाल में फंसकर अपने 1 करोड़ से ज्यादा रुपए गंवाने का मामला सामने आया है। इस मामले में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सदस्य ने व्हाट्स एप कॉल के जरिए पीड़ित को बैंक में घोटाले का हवाला देते हुए उसके एकाउंट का पूरा ब्यौरा हासिल कर एक करोड़ रुपए से ज्यादा रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। दूसरा मामला राजधानी रायपुर का है जहां जालसाजों ने इंस्टाग्राम यूजर डॉक्टर को एक गेमिंग कंपनी में पैसा निवेश करने पर 40 फीसदी मुनाफा कमाने का झांसा देकर उससे 90 लाख रुपए की ठगी कर लिया। गौरतलब है कि सायबर जालसाज आम लोगों को शेयर बाजार में रकम दोगुना करने, घर बैठे लाखों कमाने और मोटा इनाम का सपना दिखाकर उनसे लाखों करोड़ों रुपए ठग रहे हैं। यह कहना गैर लाजिमी नहीं होगा कि इन दिनों चोरी, डकैती, ठगी, लूट और राहजनी के मामलों में गिरावट देखी जा रही है बल्कि इसकी जगह जालसाजों ने लूट नया तरीका डिजिटल धोखाधड़ी को ढूंढ लिया है। आश्चर्यजनक तौर पर साइबर फ्रॉड का शिकार केवल अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे लोग ही नहीं हो रहे हैं बल्कि डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उच्च शिक्षित प्रोफेसर, सैन्य व आला प्रशासनिक अधिकारी भी हो रहे हैं।

सायबर अपराध के शोध के लिए बनी अंतरराष्ट्रीय टीम के मुताबिक भारत सायबर अपराध के मामलों में दसवें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार 2023-24 में कार्ड और इंटरनेट से हुए धोखाधड़ी के कुल 29082 मामले सामने आए हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार इस साल जनवरी से मई के बीच कुल 1,203 करोड़ रुपए के डिजिटल धोखाधड़ी के 4,599 मामले दर्ज किए गए मतलब औसतन रोज 7000 से ज्यादा ठगी के शिकायतें दर्ज हुई। अनुमान के मुताबिक बीते चार महिनों में तकरीबन 400 करोड़ रुपए की डिजिटल फ्रॉड हुआ है। इस प्रकार के धोखाधड़ी के मामलों पर गौर करें तो इसके पीछे व्यक्ति का लालच,भय और अज्ञानता जैसे कारण ही मुख्य रूप से जवाबदेह हैं। संसद में पेश एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में पांच राज्यों उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में दर्ज हुए हैं जिसमें उत्तरप्रदेश अव्वल है। साइबर अपराध से जुड़े मामलों की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक सायबर धोखाधड़ी में एक गिरोह काम करता है जिसका संचालन देश के



विभिन्न राज्यों सहित दक्षिण पूर्व एशिया के प्रमुख शहरों से हो रहा है। भारत में झारखंड का जामताड़ा शहर इस ठगी के मामले में सबसे ज्यादा बदनाम था लेकिन अब देवधर, दिल्ली,उत्तरप्रदेश का आजमगढ़, मथुरा , बिहार का गोपालगंज, हरियाणा का मेवात, भिवानी और नूह, गुजरात का अहमदाबाद और सूरत, राजस्थान का भरतपुर, पश्चिम बंगाल का दुर्गापुर और आसनसोल तथा आंध्रप्रदेश का चित्तूर ठगी के लिए कुख्यात हो चुका है। आश्चर्यजनक तौर पर इस अंतर्राज्यीय गिरोह के तार दुबई सहित चीन, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, म्यांमार और लाओस जैसे देशों से जुड़े हैं।

बहरहाल भारत में मुख्य रूप से आम लोग हैकिंग,स`क्सटॉर्शन , फेक सोशल मिडिया एकाउंट और फेक वाट्सएप कॉल, फेक ट्रेडिंग एप्स, लोन, गेमिंग, मनी लांड्रिंग, डेटिंग और मैट्रिमोनियल एप्स, क्रिप्टो, पेटीएम और यूपीए पासवर्ड या पिन, मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के जरिए साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। सेक्सटॉर्शन दरअसल 'सेक्स' और 'एक्सटॉर्शन' इन दोनों शब्दों से मिलकर बना है जो एक तरह का ब्लैकमेल है। इसमें साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर किसी महिला या युवती के नाम से मित्रता के लिए संदेश भेजते हैं जिसे स्वीकार करने के बाद गिरोह लोगों से अश्लील बातें और चैटिंग कर उन्हें वीडियो कॉल के लिए उकसाते हैं। इस झांसे में आने के बाद यूजर्स द्वारा वीडियो कॉल करने पर न्यूड वीडियो दिखाई पड़ता है जिसका अपराधी विडियो बना लेते हैं। इसके बाद गिरोह के सदस्य पुलिस अधिकारी बनकर यूजर को पैसों के लिए धमकाते हैं कई बार इस अश्लील वीडियो को यूट्यूब पर अपलोड करने की धमकी दी जाती है। आमतौर पर पीड़ित पक्ष अपनी बदनामी के डर से मामले को पुलिस में ले जाने के लिए हिचकता है और ठगी गिरोह के चंगुल में फंसकर लाखों लूटा बैठता है। जानकारी के मुताबिक सेक्सटॉर्शन के चक्रव्यूह में अनेक प्रभावशाली अधिकारी, व्यापारी, राजनेता, नौकरीपेशा से लेकर युवा फंस रहे हैं जो अपनी प्रतिष्ठा धूमिल होने की भय में पूंजी के साथ ही अपनी जान गंवाने के लिए विवश हो रहे हैं। बहरहाल सेक्सटॉर्शन जैसे ठगी से सावधानी और संयम के जरिए बचा जा सकता है। यूजर्स को किसी भी महिला या युवती के फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार करने से पहले ठीक तरह से तस्दीक करना चाहिए। सोशल मीडिया में यदि कोई यूजर आपको अश्लील संदेश या वीडियो भेजता है तब इसकी तुरंत शिकायत साइबर सेल में करना चाहिए ताकि अपराधियों पर अंकुश लगे।

इन दिनों सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने और इसके स्वीकार करने के बाद यूजर को किसी गंभीर आकस्मिक जरूरत बता कर ऑनलाइन पैसा मांगने जैसी घटनाएं भी काफी देखने में आ रही है जिसके झांसे में लोग आ रहे हैं जबकि ऐसे मामले में संबंधित से सीधे बातचीत कर ठगी से बचा जा सकता है।आजकल क्राइम ब्रांच या सीबीआई के पुलिस अधिकारी के नाम से यूजर्स के पास ऐसे वीडियो या वाट्सएप कॉल आ रहे हैं जिसमें डीपी में किसी वर्दीधारी पुलिस की फोटो लगी होती है जो संबंधित को यह बताता है कि आपका बेटा या बेटी ड्रग्स या किसी अन्य आपराधिक मामले में पकड़ा गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ है यदि इस एकाउंट में पैसा भेज दें तो मामला रफा-दफा हो जाएगा और बच्चे को छोड़ देंगे। यूजर्स के पास इस प्रकार के मोबाइल फोन उनके किसी परिजन के गंभीर रूप से दुर्घटना होने और उसे अस्पताल में भर्ती करने के लिए पैसों की मांग के संबंध में की जाती है। गिरोह के सदस्य एआई के जरिए उस परिजन के आवाज को क्लोनिंग कर उस यूजर को सुनाते हैं जिससे पीड़ित व्यक्ति आश्वस्त हो जाता है कि गिरफ्तार या दुर्घटनाग्रस्त बच्चा उसी का है और हड़बड़ाहट में वह गिरोह को हजारों रुपए ट्रांसफर कर देता है। जबकि थोड़ी सी सावधानी से इस प्रकार के ठगी से बचा जा सकता है। डिजिटल धोखाधड़ी के कई मामलों में जालसाजों ने अपने आपको नारकोटिक्स, कस्टम अफसर या ईडी अफसर बताकर यूजर्स उसके नाम पर को ड्रग्स का पार्सल जब्त करने या बेनामी संपत्ति के नाम पर धमकाया और मोटा रकम ऐंठ लिया।

भारत में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में विचारणीय है कि देश की बड़ी आबादी डिजिटल तकनीक के लिहाज से लगभग निरक्षर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि 'एआई' अब ऐसे खतरों को और भी बढ़ा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामले सरकार और समाज के लिए लगातार चुनौती बन रहा है लेकिन इसके पीछे मुख्य रूप से लालच, भय और अज्ञानता जैसे मनोवृत्तियां ही जिम्मेदार हैं। सेक्सटॉर्शन, शेयर ट्रेडिंग और लॉटरी जैसे साइबर फ्रॉड के मामले में लोग तन और धन के भूख का शिकार हो रहे हैं वहीं सीबीआई या पुलिस अधिकारी के नाम पर फर्जी व्हाट्स एप कॉल पर धोखा खाने वाले भय और अज्ञानता की वजह से पैसा गंवा रहे हैं। बहरहाल देश में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखें तो यह 'सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी' जैसा वाकया है लिहाजा इस प्रकार के धोखाधड़ी को केवल आत्म नियंत्रण, चारित्रिक शुचिता, डिजिटल जागरूकता और सतर्कता से ही रोका जा सकता है। इस प्रकार के ठगी से बचने के लिए अनजान नंबरों से आने वाले वीडियो कॉल्स जिससे धोखाधड़ी का अंदेशा हो उसे तुरंत ब्लॉक कर देना चाहिए। इसके अलावा अपने एटीएम कार्ड के पिन, मोबाइल फोन सहित अन्य डिजिटल गैजेट्स के पासवर्ड कभी भी किसी को शेयर नहीं करना चाहिए। धोखाधड़ी के शिकार होने पर तुरंत संबंधित बैंक और साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 से संपर्क करें ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके।

दूसरी ओर देश में साइबर अपराध के लिए हेल्पलाइन नंबर तथा वेबसाइट में शिकायत दर्ज कराने सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 एवं संशोधन 2008 के अलावा भारतीय दंड संहिता 1860 के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई का प्रावधान है लेकिन इंटरनेट के जरिए होने वाले खतरे असीमित हैं लिहाजा सरकार को ऐसा सख्त कानून बनाना चाहिए जो लोगों को सुरक्षा और आर्थिक सहूलियत के साथ ही साइबर अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## विशेष

डॉ. गीतेश अमरोहित



# भौतिक चिकित्सा जरूरत के साथ कारगर भी

प्रतिवर्ष आठ सितंबर को विश्व के साथ-साथ भारत में भी फिजियोथेरेपी दिवस मनाने की परंपरा है। फिजियोथेरेपी जिसे हिन्दी में भौतिक चिकित्सा भी कहा जाता है। भौतिक चिकित्सा पद्धति चिकित्सा विज्ञान की आधुनिकतम शाखा है, जिसमें मशीनों और व्यायाम के द्वारा मांसपेशियों को सक्रिय बनाकर मरीज को पुनः दैनिक जीवनचर्या के काबिल बनाया जाता है। फिजियोथेरेपी यह भी सिखाती है कि स्वस्थ कैसे रहा जाए। तेजी से बढ़ते फिटनेस की दुनिया में फिजियोथेरेपी के महत्व को अनदेखा भी नहीं किया जा सकता। वस्तुतः देखा जाए तो हालिया दशकों में भौतिक चिकित्सा पद्धति का प्रचलन बढ़ा है। इसका मूल कारण फिजियोथेरेपी में दवाइयों का उपयोग ही नहीं होता, जिससे दुष्प्रभावों का प्रश्न ही नहीं उठता। वर्तमान का दौर ऐसा है कि मरीज सामान्यतः लंबी बीमारियों के दौर से गुजरता है। बीमारियां भी ठीक होने का नाम नहीं लेती। ऐसे में जब दवाइयां मरीज के शरीर में दुष्प्रभाव छोड़ रही हैं, एंटीबॉयोटिक, पेनकिलर, एंटीपॉयरेटिक दवाइयां शरीर में असर कम डाल रही हों, भौतिक चिकित्सा की उपचार विधा मरीज में जान डालने का काम कर रही है। फिजियोथेरेपी में भौतिक चिकित्सक मरीज के मर्ज से ही नहीं जुड़ते, बल्कि सीधे ही मरीज के मन से जुड़कर उपचार करते हैं। मरीज के जीवन को पहचानना और उसकी गुणवत्ता बढ़ाना ही भौतिक चिकित्सक का ध्येय होता है, साथ ही साथ लोगों को उनकी शारीरिक कमियों से बाहर निकालना, निवारण, उपचार और पूर्ण रूप से आत्म - निर्भर बनाना है। यह शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक क्षेत्र में अच्छी तरह से मरीज या व्यक्ति को सबल करने में मदद करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से उन्नत व्यक्ति को ही स्वस्थ व्यक्ति की संज्ञा प्रदान की गई है। अमूमन भौतिक चिकित्सक किसी भी व्यक्ति या मरीज को इसी दिशा में रोगमुक्त या सक्रियता प्रदान करने का कार्य करता है।

फिजियोथेरेपी उपचार विधा के इतिहास पर गौर करें तो हिप्पोकरेट्स और कालांतर में गेलेनस जैसे चिकित्सक शुरूवाती दिनों में मालिश, विद्युत उपचार और जल चिकित्सा के पक्षधर रहे हैं। मौलिक रूप से विधा के रूप में प्रचलित करने का श्रेय हेनरिक लिंक को जाता है। अठारहवीं सदी में अस्थित विज्ञान के विकास के बाद गठिया और उसके समान रोगों के उपचार के अंतर्गत जोड़ों के सुनियोजित व्यायाम हेतु जिमनैस्टीकॉन और ऐसी ही अन्य मशीनों का निर्माण होने लगा जो कि शारीरिक चिकित्सा में बाद में आए बदलावों के सदृश थे। 1887 में स्वीडन के नेशलन बोर्ड ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर द्वारा शारीरिक चिकित्सकों को सरकारी पंजीकरण दिया जाने लगा। पहली बार 1914 में अधिकृत रूप से न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी और संयुक्त राज्य अमेरिका के पोर्टलैंड ऑरेगॉन के रीड कॉलेज ने शारीरिक पुर्नसंरचना सहयोग में स्नातक उपाधि देना प्रारंभ किया था। आज देश भर में फिजियोथेरेपी के अनेक स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शासकीय और निजी शैक्षणिक संस्थाएं संचालित कर रही हैं। देश में फिजियोथेरेपी चिकित्सकों की विशाल तादाद है। दुःख की बात यह है कि आज तक इस पद्धति के चिकित्सकों की कोई कौंसिल राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है, जहां पंजीयन की सुविधा हो और संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों पर निगरानी हो सके। हालांकि समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा संबंधित विधेयक को सदन के पटल पर रखा गया, परंतु कई तकनीकी कारणों से हर बार पारित होने से विधेयक टलता गया। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो राज्य निर्माण के बाद सन 2002 में निजी क्षेत्र में पांच और शासकीय क्षेत्र में एक की संख्या में फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्थापना हुई। उसके बाद से इन महाविद्यालयों से अनेक अर्हताधारी चिकित्सक उत्तीर्ण हुए। विडंबना है कि राज्य में अब तक शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर शिक्षा की व्यवस्था नहीं हो पाई है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य अनेक विकसित राज्यों को पीछा छोड़ते हुए छत्तीसगढ़ राज्य फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशनल थेरेपी परिषद का गठन कर चुका है। इसका लाभ यह हुआ है कि राज्य के भौतिक चिकित्सकों का इसमें पंजीयन हो रहा है। संचालित निजी और शासकीय क्षेत्रों के भौतिक चिकित्सा महाविद्यालयों की सतत निगरानी और पाठ्यक्रम एकरूपता के कारण राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सा क्षेत्र में एक स्वस्थ और उन्नत वातावरण का निर्माण हुआ है।

अब तक राज्य में फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम के चौदह से अधिक बैच निकल चुके हैं। भौतिक चिकित्सकों की संख्या राज्य में हजारों में है, जो राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर चिकित्सा महाविद्यालयों में अपनी सेवा दे रहे हैं। दूसरी ओर निजी क्षेत्र में भी उपचार के लिए फिजियोथेरेपी के कई उन्नत चिकित्सा संस्थान राज्य के महानगर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और रायगढ़ जैसे शहरों में हैं।

1

# धन-दौलत से पहले इनकी रक्षा जरूरी




संकलित

## दर्शन

आचार्य चाणक्य ने नीति शास्त्र में धन व स्त्री समेत जीवन के तमाम पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया है। एक श्लोक में चाणक्य ने बताया है कि धन व स्त्री से ज्यादा व्यक्ति को किसकी रक्षा करनी चाहिए। चाणक्य की नीतियां आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। कहा जाता है कि चाणक्य की नीतियों का पालन करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन जिसने भी जिन्हें अपना लिया उसे सफलता हासिल होती है। पढ़ें चाणक्य नीति के अनुसार व्यक्ति को धन व स्त्री से भी पहले किसकी रक्षा चाहिए-

चाणक्य के अनुसार, बुद्धिमान व्यक्ति को आपत्ति व बुरा दिनों के लिए थोड़ा-थोड़ा धन बचाकर उसकी रक्षा करनी चाहिए यानी धन की बचत करें। समय पड़ने पर संचित धन से भी ज्यादा अपनी पत्नी की रक्षा जरूरी है क्योंकि पत्नी जीवनसंगिनी है। चाणक्य कहते हैं कि बहुत ऐसे अवसर होते हैं, जहां धन काम नहीं आता, वहां जीवनसाथी काम आता है। बुढ़ापे में पत्नी की भूमिका अहम होती है। चाणक्य का विचार यह भी है कि धन और स्त्री से ज्यादा व्यक्ति को अपनी रक्षा करनी चाहिए। यानी व्यक्ति का महत्व इन दोनों से ज्यादा है। अगर व्यक्ति का ही सर्वनाश हो गया तो धन और स्त्री का अस्तित्व ही क्या रह जाएगा, इसलिए व्यक्ति को धन-बचत और स्त्री रक्षा की अपेक्षा समय आने पर अपनी रक्षा ज्यादा जरूरी है। नीति शास्त्र के अनुसार, उपनिषद के कवि भी कहते हैं कि कोई किसी से प्रेम नहीं करता, सब स्वयं से ही प्रेम करते हैं।

# सेवा के लिए धन नहीं, तन-मन जरूरी



संकलित

## प्रेरणा

महात्मा बुद्ध नगर से दूर एक वन में अपने शिष्यों के साथ बैठकर चर्चा कर रहे थे। आसपास के गांव के लोग भी उनके पास अपनी समस्याएं लेकर आ रहे थे। बुद्ध उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे थे। तभी एक अत्यंत गरीब व्यक्ति अपने भाग्य को कोसता हुआ उनके पास आया। उसने बुद्ध से कहा, भगवन मेरी समस्या का भी समाधान करिए। तथागत ने कहा, 'कहो, तुम्हारी क्या समस्या है? और मैं उसे दूर करने में तुम्हारी क्या सहायता कर सकता हूं? उस व्यक्ति ने कहा, 'प्रभु मेरी बहुत इच्छा है कि मैं लोगों की हर प्रकार से मदद करूं। लेकिन मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास न तो धन है और न ही कोई कीमती वस्तु, जिससे मैं लोगों की सहायता कर सकूं। मैं दूसरों की मदद की इच्छा रखने के बावजूद किसी की सहायता नहीं कर पा रहा हूं। भगवान ने मुझे इतना गरीब क्यों बनाया कि मैं किसी के काम नहीं आ पा रहा हूं।' यह कहकर वह व्यक्ति रोने लगा। उसे रोता देखकर बुद्ध ने कहा, 'तुम बहुत अज्ञानी हो, क्योंकि तुम अभी तक इस भ्रम में जी रहे हो कि तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है और तुम बहुत गरीब हो। जबकि तुम्हारे पास दूसरों को देने के लिए बहुत कुछ है। तुम बिना धन और कीमती वस्तु के भी दूसरों की मदद कर सकते हो। तुम्हारे पास जुबान है, जिससे तुम मीठे शब्द बोलकर किसी के दुखी चेहरे पर मुसकान ला सकते हो। तुम अपने शब्दों की ताकत से किसी के भी टूटे हौसलों को फिर से मजबूत कर सकते हो। उनमें आशा भर सकते हो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*-विकास साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# केंद्र ने मांगी थी रिलायंस वन्यजीव केंद्र से सहायता


मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पिछले साल महज एक महीने में तीन चीतों की मौत के बाद, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मई 2023 में स्वास्थ्य निगरानी प्रोटोकॉल की समीक्षा के लिए गुजरात स्थित रिलायंस के वन्यजीव केंद्र के विशेषज्ञों की मदद मांगी थी। आधिकारिक रिकॉर्ड से यह जानकारी मिली है। प्राधिकरण के सहायक वन महानिरीक्षक अभिषेक कुमार ने 11 मई, 2023 को जामनगर में स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज के 'ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर' (जीजेडआरआरसी) के सीईओ को पत्र लिखकर विशेषज्ञों की एक टीम कूनो भेजने का अनुरोध किया



## ऑफ बीट

# काठमांडू-कलिंग महोत्सव में भारतीय साहित्यकार भी शामिल

नेपाल के ललितपुर महानगर में शनिवार को तीसरा 'काठमांडू कलिंग साहित्य महोत्सव' शुरू हुआ। इस महोत्सव में नेपाल, भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों की 200 से अधिक साहित्यिक हस्तियों ने शिरकत की। भारत के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य व लोकप्रिय इतिहासकार एवं अर्थशास्त्री संजीव सान्याल, नेपाल में भारतीय दूतावास के उप प्रमुख प्रसन्ना श्रीवास्तव, पूर्व भारतीय राजनयिक और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी एम पुरी समेत अन्य लोगों ने उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रमुख नेपाली साहित्यकार डॉ. भुवन ढुंगाना ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया जिसकी अध्यक्षता रश्मि रंजन ने की।



## ट्रेंड

### नुआखाई की शुभकामनाएं



नुआखाई के विशेष अवसर पर मेरी शुभकामनाएं। हम अपने मेहनती किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और हमारे समाज के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हैं। सभी को अच्छा स्वास्थ्य मिले।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भूपेन को जयंती पर श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जयंती पर उनको हार्दिक श्रद्धांजलि। डॉ. हजारिका की अद्वितीय कलात्मकता ने असमिया संस्कृति और धुनों को भारतीय संगीत में सबसे आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी रचनाएं हमारी विरासत के हिस्से के रूप में संजोई जाती हैं।

**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### भूली हुई परियोजना



ईजीपुरा फ्लाईओवर का काम फिर से शुरू। उम्मीद है कि यह तेजी से पूरा होगा। यह यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा। इस भूली हुई परियोजना पर तत्काल ध्यान वापस लाने के लिए कर्नाटक सरकार का धन्यवाद। **-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### 'द कट' का प्रीमियर



कल रात टोरंटो में अपने बच्चे के पिता की नई फिल्म 'द कट' के प्रीमियर का समर्थन करने के लिए रिहर्सल में पसीना बहाया। इस भूमिका के लिए उन्होंने जो शारीरिक और मानसिक प्रयास किए, उस पर इससे अधिक गर्व नहीं हो सकता।

**-कैटी पैरी, अमेरिकन सिंगर**

## संक्षेप

### अमरोहा में तेंदुए ने युवक पर हमला किया

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में पिछले कई महीनों से तेंदुए की दहशत बनी हुई है। तेंदुआ कई बार दिखाई दे चुका है, लेकिन उसे पकड़ने में वन विभाग अभी तक सफल नहीं हो सका है। हाल ही में, तेंदुए ने बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया, जिससे ग्रामीणों में डर और बढ़ गया है। यह घटना नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव खेड़का की है। बीती गुरुवार की रात, युवक सुधांशु बाइक पर जा रहा था, तभी तेंदुए ने उस पर हमला किया। इस बीच, कार सवार कुछ लोग पीछे से आ रहे थे, जिन्होंने तेंदुए को देखा और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर तेंदुआ युवक को छोड़कर ईख के खेत में भाग गया। घटना के बाद, ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को फोन किया। एंबुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। डीएफओ एसपी सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उनकी टीम मौके पर भेजी गई है और तेंदुए के दिखाई देने वाले स्थानों पर पिंजरे लगाए जा रहे हैं। इस घटना ने ग्रामीणों के बीच तेंदुए के प्रति चिंता और डर को और बढ़ा दिया है। स्थानीय प्रशासन ने ग्रामीणों से सावधान रहने की अपील की है।

### पेड़ पर लटका मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

**मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, जमकर किया हंगामा**

अमरोहा, अमरोहा के मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में एक महिला का शव पेड़ पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रजबपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर कला निवासी कुडे.सिंह ने अपनी बेटी राजश्री की शादी 2010 में मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर गुर्जर निवासी चंद्रशेखर के साथ की थी। कुडे. सिंह का आरोप है कि शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही राजश्री को लगातार परेशान किया जा रहा था। इस संबंध में कई बार गांव में बैठक भी हुई, लेकिन ससुराल वाले दहेज की मांग पर अड़े रहे। शाम राजश्री का शव गांव के एक पेड़ पर लटका मिला। यह देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत मायके वालों को सूचित किया, जिन्होंने घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंचकर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मंडी धनौरा सीओ स्वेताभ भास्कर ने बताया कि शव की स्थिति संदिग्ध है और मामले की गहन जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रामगोपाल को गोली लगते ही निकल गए तहसीलदार, बाइक से ले जाना पड़ा, लोग बोले-खून का बदला खून

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। रामगोपाल को घर में खींचकर मारा जा रहा था। उसे जब तक बाहर ला पाते तब तक उस पर गोलियां दागी जा चुकी थीं। गोपाल को अस्पताल ले जाने के लिए जब तहसीलदार से गुहार लगाई तो वह भाग गए। बाइक से किसी तरह से रामगोपाल को अस्पताल ले जाना पड़ा। तहसीलदार की इस हरकत से परिजन आक्रोशित हैं। प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा रविवार को गोली मारकर रामगोपाल की हत्या के बाद सोमवार को चचेरे भाई ने बताया कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही से वारदात हुई। भाई पर बर्बरता कर उसको मरणासन्न कर दिया गया था। उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए तहसीलदार से मदद मांगी गई तो उन्होंने अपनी गाड़ी देने से मना कर दिया। वहां से भाग गए। रामगोपाल को किसी तरह से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार अगर तहसीलदार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए गाड़ी से रामगोपाल को जल्दी अस्पताल पहुंचया होता तो शायद उसकी जान बच जाती।

### तहसीलदार को गांव से खदेड़ा

तहसीलदार के रवैये पर परिजन और ग्रामीण आक्रोशित थे। इस बीच एसडीएम सोमवार सुबह जब रामगोपाल के घर पहुंचे तो परिजनों उनको खदेड़ दिया। लोगों का आक्रोश देख अफसरों ने तत्काल वहां से तहसीलदार को हटा दिया। रामगोपाल की पत्नी पोस्टमार्टम हाउस पहुंची थीं। रोते हुए उन्होंने कहा कि इंसाफ चाहिए। वह चाहे जैसे मिले। यह भी कहा कि खून का बदला खून चाहिए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके भीतर पति की हत्या को लेकर कितना गुस्सा भरा हुआ है। एक तरह



से पूरा परिवार प्रतिशोध की आग में जल रहा है। इसलिए पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है। परिजनों से अफसर लगातार बातचीत भी कर रहे हैं। आश्वासन दे रहे हैं कि वह आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

### पुलिस ने हमें ही लाठियों से पीटा

परिजनों ने कहा कि हर साल प्रतिमा का विसर्जन होता है। यह पहली बार नहीं था। ऐसे में पुलिस प्रशासन को पुख्ता इंतजाम करना चाहिए था। पहले तो वह इंतजाम सही नहीं कर सके, जब बवाल हुआ तो उसको काबू नहीं कर पाए। सीधा सीधा उन्होंने पुलिस प्रशासन की नाकामी बताई। यह भी कहा कि बवाल के बाद उनके ही पक्ष पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। दूसरे पक्ष पर मेहरबानी दिखाई गई। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने में भी लापरवाही की गई। देर रात बस फोटो खिंचाने के लिए आला अफसर मौके पर पहुंचे। इसे लेकर भी लोगों में नाराजगी है। महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज कस्बे में हुई घटना को लेकर लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। जिसे देखते हुए एसपी वृंदा शुक्ला ने हरदी थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा व महसी चौकी इंचार्ज शिव कुमार को निलंबित कर दिया है। हालांकि सीओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई न होने से लोगों में अभी भी भारी आक्रोश है। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अपने दायित्यों में लापरवाही को लेकर एसएचओ व महसी चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया है। पूरे घटना क्रम की सघन जांच की जा रही है। कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। हालांकि एसपी की कार्रवाई के बाद भी लोगों में आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है कि थाने की पुलिस के साथ-साथ सीओ रुपेन्द्र गौड़ ने भी लापरवाही बरती और लाठियां भांजी। ऐसे में इनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। महसी तहसील के बाजपेईपुरवा निवासी गौतम वाजपेयी ने बताया कि सभी लोग प्रतिमा विसर्जन करने जा रहे थे। इस दौरान महराजगंज कस्बे में गाली गलौज किया गया और और प्रतिमा पर पत्थर फेंका गया।

सिपहियाप्युली निवासी अखिलेश वाजपेयी ने बताया कि पुलिस ने विसर्जन करने जा रहे श्रद्धालुओं पर ही लाठीचार्ज कर दिया और दूसरे समुदाय के लोगों को कुछ नहीं कहा। एसओ हरदी खुद हमें पीटते रहे। अखिलेश वाजपेयी भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी हैं। गोलू वाजपेयी ने बताया कि सारी कमी क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन की रही। अगर पुलिस सक्रिय रहती तो हालात नहीं बिगड़ते। प्रतिमाओं पर जब पत्थर फेंके गए तो उस समय पुलिस मौन साधे रही। अगर उसी समय कार्रवाई होती तो गोली कांड नहीं होता। पत्थरबाजी के आधे घंटे बाद गोलीकांड हुआ।

बहराइच जिले के महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में रविवार की शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे पर बज रहे गाने को लेकर विवाद हो गया। गाने के विरोध में दूसरे समुदाय के युवकों ने गाली-गलौज की और छत से पत्थरबाजी कर दी। बताया जाता है कि पत्थर चलने से मां दुर्गा की प्रतिमा खंडित हो गई। जिससे दूसरे समुदाय ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि प्रदर्शन दौरान दूसरे समुदाय के लोग एक युवक को घर के अंदर पकड़ ले गए और गोली मार दी। जिससे रेहुवा मंसूर निवासी रामगोपाल मिश्रा (24) की मौत हो गई। वहीं उसे बचाने पहुंचा राजन (28) भी गंभीर रुप से घायल हो गए। यही नहीं लगभग एक दर्जन अन्य लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। स्थिति को काबू में करने के लिए मौके पर छह थानों की पुलिस व पीएसी तैनात है। एसपी वृंदा शुक्ला समेत अन्य आला अधिकारी महराजगंज में कैंप कर रहे हैं।

## कोटेदार की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

- अमेठी में महिला समेत दो हत्यारोपी गिरफ्तार, पैमाइश के बाद की थी पिटाई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में तीन दिन पहले जमीन पैमाइश के बाद दबंगों ने बुजुर्ग कोटेदार पर लाठी डंडो से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जहां अगले दिन कोटेदार की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। देर रात पुलिस ने गांव के बाहर से घटना को अंजाम देने वाली महिला समेत दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडे को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के बिराहिम बाजगढ़ गांव का है। यहां तीन दिन पहले जमीन की पैमाइश के बाद दबंगों ने जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मडवा गांव के रहने वाले कोटेदार राजाराम पर लाठी डंडों से हमला कर दिया था। घटना को अंजाम देकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में राजाराम को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कई नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। देर रात पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में जुटी थी,

## राप्ती नदी तट पर योग शिविर का आयोजन

**लोगों ने किया योगाभ्यास, कहा-योगासन न केवल शरीर को स्वस्थ और मन को करता है शांत**

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित राप्ती तट स्थित छठ स्थल पर उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ के तत्वावधान में एक निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर में सभी ने योग गुरु के निदेशों का पालन करते हुए योगासन किए। योगासन की विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में योग गुरु वेद प्रकाश पांडेय ने उपस्थित युवाओं को योगासन की विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तार से बताया।




उन्होंने बताया कि योगासन न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है। बल्कि मन को शांत और तीव्र भी बनाता है। उन्होंने कहा कि योगासन एक ऐसा अभ्यास है जो भविष्य को सुव्यवस्थित और सुंदर बनाने में सहायक होता है। योग गुरु ने कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर में सभी ने योग गुरु के निदेशों का पालन करते हुए योगासन किए। इस दौरान मनीष अग्रहरि, राकेश, सोनू, दिलीप, लालमन यादव सहित दर्जन भर लोग उपस्थित रहे।

## खड़े ट्रक की पीछे घुसी बाइक

- युवक की मौत, एक साल पहले हुई थी शादी

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में देर रात को तेज रफ्तार बाइक खाली ट्रक के पीछे से घुसने की वजह से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। आपको बता दें कि पूरा मामला बांदा के बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा निवासी अंकित त्रिपाठी पुत्र शिवमूरत कल रात अकेले बाइक पर खरौली गांव की ओर जा रहा था। तभी बबेरू मार्ग पर उसकी बाइक रोड किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। जिसकी वजह से अंकित की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस को जैसे ही जानकारी हुई, तो वह मौके पर पहुंची और अंकित के घरवालों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार अंकित की शादी पिछले साल ग्राम लखीपुर में की गई थी। थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि हादसा करने वाले वाहन को पकड़ कर थाने में खड़ा कर दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व विधायक ने संभाली सदस्यता अभियान की कमान

- अमेठी में अपने रिफरल कोड पर 10 हजार लोगों को दिलाई सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, पिछले दो सितम्बर से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हुआ है। अमेठी में भी सदस्यता अभियान की स्थिति जानने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने दौरा किया और एक साथ दो हजार लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

जिले में सदस्यता अभियान की कमान संभाल रहे गौरीगंज के पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र सबसे ज्यादा सदस्य बनाने वाले नेता बन चुके हैं। जिले में सदस्यता अभियान की शुरूआत पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने पहला सदस्य बनाकर की, जिसके बाद गौरीगंज विधान सभा के पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र 'मटियारी ने भाजपा के विधान सभा प्रत्याशी ने पार्टी के सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी ली।

विधान सभा के 404 बूथ पर जाकर कार्यकर्ताओं से मिलकर अपने व्यक्तिगत रेफरल कोड पर 10011 लोगों को 9 अक्टूबर तक सदस्यता ग्रहण कराई। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ पर कार्यकताओं में जोश भरने के साथ विनम्र अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जी जान से सदस्यता अभियान को राष्ट्र के योगदान के लिए लग जाएं, जिससे अमेठी जिला प्रदेश में नंबर एक पर आ जाए। जिले में गौरीगंज विधानसभा नंबर एक पर रहे ओर मोदी योगी के हाथ मजबूत रहे, जिससे 2047 तक भारत एक मजबूत विकसित राष्ट्र के रूप में पूरे विश्व में भारत नंबर एक पर आ जाए।



## सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया राहत सामग्री

- बोले-आप लोग चिंतित ना हो, हर कदम पर आपका सांसद आप लोगों के साथ

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में लगातार तीसरी बार बाढ़ का प्रकोप रहा और हर बार आंशिक रूप से जनपद वासी प्रभावित रहे। बाढ़ के दौरान काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान मोदी और योगी की सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को हर प्रकार से यथा संभव राहत पहुंचाने का काम कर रही है। उक्त बातें सांसद जगदंबिका पाल ने कपिलवस्तु विधानसभा के ग्राम कुसमी और सेमरा कला में राहत सामग्री वितरण करते हुए कहा।



जिसमें प्रशासन की भूमिका भी सराहनीय रही। राहत वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा कि राजस्व टीम के द्वारा लगातार नागरिकों के नुकसान का आकलन कराकर उनके नुकसान की भरपाई भी की जा रही है। सांसद जगदम्बिका पाल लोगों में राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि आप लोग चिंतित ना हो। हर कदम पर आपका सांसद आप लोगों के साथ है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी जोगिया, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित सांसद प्रतिनिध एस पी अग्रवाल, चिल्हिया मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, दिलीप सिंह, अमरेंद्र पाल प्रिंस, अखंड पाल, जहीर आदि लोग उपस्थित रहे।

## सिरसिया सीएचसी में दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक

**अधीक्षक ने कसे स्वास्थ्य कर्मियों के पेंच, कहा – दस्तक अभियान में ग्राम स्तर पर दस्तक दें**

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के भनवापुर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिरसिया में दस्तक अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पर्यवेक्षक, एएनएम, आशा संगिनी, और सीएचओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने सभी उपस्थितों को निर्देशित किया कि आशा बहुओं के कार्यों की ग्राम स्तर पर भौतिक सत्यापन और समीक्षा की जाए। डॉ. ओझा ने कहा कि दस्तक अभियान के दौरान आशा बहुओं द्वारा बुखार, खांसी, हाइड्रोसील, हाथी पांव, कुपोषण, क्षय रोग, और कुष्ठ रोगियों की सूची तैयार करना बेहद जरूरी है। इस अभियान की सफलता के लिए आशा बहुओं के कार्यों की प्रभावी निगरानी आवश्यक है। बीओसी सुषमा द्विवेदी ने निर्देश दिया कि नई गर्भवती और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनके आभा कार्ड बनाए जाएं। बीएमसी सूर्यदेव सिंह ने टीकाकरण से दूर रहने वाले परिवारों को प्रेरित कर पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## गोवंश की मौत से परेशान ग्रामीण: गौशाला के खिलाफ इलाके के लागों में आक्रोश

- समस्या के समाधान को लेकर प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर ब्लॉक के एक गांव में अस्थाई गौशाला में लगातार गोवंश पशुओं की मौत हो रही है, जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं। गांव अल्लीपुर मिलक के पास स्थित इस गौशाला में हाल ही में दो गोवंश की मौत हुई, जिनके शवों को गौशाला परिसर में दबा दिया गया, जिससे बदबू फैल गई। ग्रामीणों ने गौशाला के बाहर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगें उठाईं। उन्होंने कहा कि गौशाला में रोजाना गोवंश की मौत हो रही है और उनके शवों को सही तरीके से न दफनाने से आसपास के लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि मृत गोवंश को या तो गहराई में दबाया जाए या किसी अन्य स्थान पर, ताकि बदबू से राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों में श्रीकृष्ण, श्रीराम, यादवती, प्रेमवती, सर्वेश, माया, राजो, पूजा, मूर्ति, ऊषारानी, माया देवी सहित कई लोग शामिल थे।




## सुल्तानपुर में एसपी ने दो थानेदारों पर की कार्रवाई

**बल्दीराय रड सस्पेंड, बंधुआकला से धीरज कुमार ट्रांसफर, क्राइम कंट्रोल में थे फेल**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में एसपी सोमेन वर्मा ने देर रात बल्दीराय थाने के एसओ आरबी सुमन को सस्पेंड कर दिया। इसके तुरंत बाद, देर रात बंधुआकला से एसओ धीरज कुमार का ट्रांसफर कर उन्हें बल्दीराय की जिम्मेदारी सौंपी गई। इससे पहले, बुधवार को मोतिगरपुर एसओ तरुण पटेल पर भी गाज गिर चुकी है। सोमेन वर्मा के कार्यकाल में यह पहली बार देखने को मिला है कि बड़े क्राइम के बाद थानाध्यक्षों पर कार्रवाई हो रही है। इससे पहले, चाहे जितना बड़ा अपराध हुआ हो, थानाध्यक्ष पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता था। उदाहरण के तौर पर, दो साल पहले बल्दीराय के इब्राहीमपुर कांड में, तत्कालीन एसओ अमरेंद्र बहादुर सिंह और चौकी इंचार्ज की लापरवाही के बावजूद वे अपनी कुर्सी पर बने रहे। इसी तरह, फरवरी में नगर कोतवाली क्षेत्र में विजय नारायण सिंह की हत्या के बाद भी इंस्पेक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। अब पुलिस कप्तान ने पूरी तरह एक्शन मोड में आते हुए बड़ी घटनाओं में तत्काल निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बारह दिन पहले बल्दीराय में 55 लाख रुपये के जेवरात की लूट हुई थी, लेकिन पुलिस के हाथ खाली रहे।

## धर्मकांटे में सो रहे युवक की हत्या

- अमेठी में वारदात, बदमाशों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियार से उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी जिले में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात धर्मकांटे पर सो रहे युवक विमलेश तिवारी पर अज्ञात बदमाशों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने धर्मकांटे में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक विमलेश जेसीबी चलाने का काम करता था। यह पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 56 स्थित सिधियावां का है, जहां हाइवे किनारे कोयले के होलसेल डीलर बादशाह का जनता धर्मकांटा स्थित है। विमलेश पिछले पांच सालों से इसी धर्मकांटे पर रह रहा था। देर रात दो अन्य मजदूरों के साथ वह सो रहा था, तभी अज्ञात बदमाशों ने उस पर हमला किया और उसके पास मौजूद मोबाइल लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने पास के एक दुकान में भी तोड़फोड़ की। जब अन्य मजदूरों को घटना की जानकारी हुई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। स्थानीय पुलिस ने घायल को सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई।



# संक्षेप

## मेरठ में सपाइयों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लखनऊ में जेपी नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण से रोकने का सपाइयों ने विरोध जताया। मेरठ में सपा कार्यकताओं ने डीएम दफ्तर पर प्रदर्शन किया। सपाइयों ने डीएम को यूपी सरकार की नीति के खिलाफ ज्ञापन सौंपा।सपा मेरठ के जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी के नेतृत्व में अन्य नेता और कार्यकर्ता मिलकर डीएम दफ्तर पहुंचे। पहले कलेक्ट्रेट में सपाइयों ने धरना देते हुए प्रदर्शन किया। सम्राट चौधरी, आदिल चौधरी, दिनेश काजीपुर सहित अन्य नेता मौजूद रहे।सीीी सपाइयों ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव को नजरबंद करना शासन की अनीति है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि हम इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएंगे। हमारे नेता के साथ यह दुर्व्यवहार कर उनका अपमान हुआ है।सम्राट मलिक ने कहा कि ये सरकार लोकतंत्र की हत्या करती आई है। आज एक बार फिर इस सरकार ने वही काम किया है। हमारे नेताजी को महापुरुष को माल्यार्पण करने तक से रोका गया है।हम इसका पूरा विरोध करते हैं।जब तक हमारे नेताजी हमें नहीं कहेंगे हम विरोध करते रहेंगे।

## सोनभद्र पुलिस ने जप्त किए चार कुंतल अवैध पटाखे

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र में दशहरा और दीपावली इन त्योहारों के लिए पटाखे की खूब बिक्री होती है।इसी को देखते हुए नगर में घनी आबादी के बीच अवैध तरीके से भंडारित पटाखे की बड़ी खेप पुलिस ने बरामद की है।मौके से करीब चार क्विंटल पटाखे मिले हैं।इसे जब्त कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जानकारी के आनुसार गुरुवार को सीओ सिटी डॉ. चारु द्विवेदी को मुखबिर ने नगर के मध्य अवैध तरीके से पटाखा भंडारण होने की सूचना दी। सीओ के निर्देशन में सदर कोतवाल सत्येंद्र राय फोर्स के साथ अंबेडरनगर मोहल्ले में पहुंचे। यहां एक मकान के अंदर पटाखे रखे गए थे। भंडारण का कोई लाइसेंस भी नहीं था।जिस जगह पटाखा रखा गया था। उसके चारों तरफ घनी आबादी थी। वहीं रास्ते ऐसे थे, जहां आपात स्थिति में पुलिस व फायर ब्रिगेड का वाहन पहुंचने में भी दिक्कत होती है।पुलिस ने सारा माल जब्त कर लिया। इसे कोतवाली लाकर छानबीन शुरू कर दी है।कोतवाल सत्येंद्र राय ने बताया कि मौके से करीब चार क्विंटल पटाखे मिले हैं। इसे अवैध तरीके से भंडारित किया गया था। पूरा माल जब्त कर जांच की जा रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं कि बरामद माल किसका है।केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।बता दे कि जिले में पटाखा कारोबार के लिए कुल 16 लोगों को लाइसेंस जारी किए गए हैं। हर लाइसेंसी को यह हिदायत दी गई है कि वह पटाखों का भंडारण आबादी वाले क्षेत्र से दूर करें। वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हर वक्त मौजूद रहें।

# किशोरी के खुदकुशी और रेप कर हत्या गुत्थी में उलझी है पुलिस

## स्वजन किशोरी के साथ रेप कर हत्या करने का आरोप लगा रहे है

**सोमवार को एसपी नाथ और सीओ गीडा ने स्वजन और किरायेदारों से की पूछताछ किया**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के देईपार चौराहे पर कस्बा बालापार निवासी दंपती हैदर और रुखसाना किराए का मकान लेकर करीब 10 वर्ष से रहते है।और गीडा में दंपत्ति मजदूरी करते है दो बच्चे 11 वर्ष की तमन्ना और 3 वर्ष का हैदर मकान पर रहते है। जब मृतिका की मां दोपहर में खाना बनाने आई तो किशोरी का दुपट्टे में फंदा लगाकर लटका हुआ शव देखा। पुलिस ने तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस खुल नही रही है।और खुदकुशी बता रही है।वही स्वजन रेप कर हत्या करने का आरोप लगा रहे। तथ्य की जानकारी कटने के लिए एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव और सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने स्वजन और किरायेदारों को बुलाकर पूछताछ किया। लेकिन पुलिस अभी किसी भी निर्णय पर नहीं पहुंची है। इस संदर्भ में एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा की मामले जांच पड़ताल की जा रही है।जल्द खुलासा हो जायेगा।

# नगर पंचायत घघसरा के मां भगवती के जगराता में झूमे दर्शक



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के तिरुपति बालाजी दुर्गा पूजा समिति द्वारा रविवार की रात मां भगवती जगराता व भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद थे।जगराते में शिवानंद चंचल और अरविन्द सोनी के भजनों पर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये।उपस्थित गायकों ने अपने भजनों से समां बांध दिया।इसके बाद लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर- चेयरमैन प्रभाकर दुबे,रम्मू दुबे,सुरेंद्र बर्मा,रमेश चंद्र मद्धेशिया,राजू बर्मा , अशोक कशौधन,कृष्ण मोहन काशौधन,रामबचन ,विनोद कुमार पांडेय उर्फ भोरई बाबा , शैलेश कई लोग मौजूद थे।

# प्रधान पर हमला कर लूटने वाले बदमाशो के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

**प्रधान के भाई की शिकायत पर दो नामजद तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट,हत्या के प्रयास,लूट, एससीएसटी का केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा के प्रधान को रविवार शाम पौने छः बजे के करीब बाजार जाते समय रास्ते में रोक लिया और मारपीट कर 10 हजार रुपया और सोने की चैन छीनकर कर फरार हो गए थे। प्रधान के भाई की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्रधान का का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है ।मिली जानकारी से मझौरा प्रधान जय प्रकाश रविवार को पौने छः बजे के करीब बाजार करने जा रहे थे। मझौरा और कुरसा के बीच पहुंचे थे की पांच की संख्या में बदमाश उन्हें मारते पीटते हुए गले में पहना सोने की चैन और जेब में रखा 10 हजार रुपया लूट कर फरार हो गए। वह रास्ते में बेहोश पड़े हुए। परिजन उन्हे इलाज के लिए सीएचसी सहजनवा ले गए। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।जहा उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।पुलिस ने प्रधान के भाई से प्रकाश कन्नौजिया की शिकायत पर सनी कुमार शर्मा पुत्र रामदरश,फागू पुत्र दयाशंकर निवासी कुरसा के खिलाफ लूट,हत्या के प्रयास,मारपीट एससीएसटी का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।


# पीपीगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई लुटेरे गिरफ्तार, 10 बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।पीपीगंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लुटेरों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोरखपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर के निर्देशन में और पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में संगठित अपराध करने वाले गिरोहों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है।इसी क्रम में पीपीगंज थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग पीपीगंज कस्बे के एक स्कूल के पास चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्होंने बाकी आठ मोटर साइकिलें पीपीगंज थाना क्षेत्र के गुरम पोखरा स्थित झाड़ियों में छुपाई हुई हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। पकड़े गए दोनों आरोपी बाल अपराधी हैं। पुलिस ने उन पर मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा ।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह उपनिरीक्षक शेर बहादुर यादव नितिन श्रीवास्तव अजीत यादव हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार कांस्टेबल उमेश कुमार सिंह दातात्रेव सिंह संजीव कुमार यादव कांस्टेबल सत्यवीर सिंह अमरनाथ यादव में शामिल रहे।

# नदी में डूबे युवक की दूसरे दिन मिली लाश

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुरे जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी 23 वर्षीय युवक रोहित पुत्र देवी चरण की लाश दूसरे दिन काफी खोजबीन के पश्चात मिली मिली जानकारी के अनुसार रोहित मां जगत जननी के विसर्जन यात्रा में रिंद नदी गया हुआ था जहां नदी में डूब जाने के पश्चात का भी खोजबीन के बाद भी कुछ अता पता नहीं चला मौजूद लोगों ने प्रशासन को सूचना दी जहां पहुंचे प्रशासन ने भी काफी खोजबीन की परंतु कुछ भी हाथ नहीं लगा वहीं दूसरे दिन एनडीआरएफ की टीम लगाई गई जहां कड़ी मशक्कत के बाद कृपालपुर गांव के समीप रोहित का शव मृत अवस्था में मिला यह सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं थाना अध्यक्ष जहानाबाद ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेद गृह फतेहपुर रवाना किया

# अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी से मिले पीड़ित



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के खागा तहसील कस्बे अंतर्गत दलित आबादी के नाम से सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री ज्ञानेंद्र सिंह रज्जू भैया ग्रामीणों के साथ पहुंचकर कलेक्ट परिसर में जिला अधिकारी से दुख दर्द बयां किया वहीं शिकायती पत्र सोपते हुए वर्ष 2001 में आवंटित पट्टे के कब्जे के संबंध में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया की तत्कालीन ग्राम प्रधान के द्वारा ग्रामीणों को लगभग 175 पट्टा किया गया जो तहसील प्रशासन द्वारा भी स्वीकृत है परंतु आज तक पट्टाधारकों को कब्जा नहीं मिला जबकि कुछ लोग अवैध भूमि पर कब्जा करते हुए निरंतर खेती कर रहे हैं पीडितों ने बताया कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई परंतु कोई निराकरण नहीं निकला वहीं क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट देकर मामले को निस्तारित कर दिया गया इसलिए अपनी मांग करते हुए ग्रामीणों ने आवंटित भूमि को कब्जा धारकों को दिलाने का निवेदन किया इस मौके पर ग्रामीण पूनम देवी सविता देवी निक्की देवी केला देवी सियाराम कलावती वीरेन इंद्रजीत राम रूप श्रीनाथ तथा हरिश्चंद्र समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे

# पानी की टंकी में चोरी करते चोर धरा गया, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवरारतुला में निर्मित पानी की टंकी में चोरी करते हुए तैनात चौकीदार ने चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवरारतुला में जल निगम द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है।जिस पर देवरारतुला निवासी दिलीप पुत्र मदन लाल चौकीदारी का कार्य देखता है।रविवार शाम साढ़े छः बजे वह टंकी पर गया तो देखा स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ है।शौचालय की तरफ गया तो चोर पाइप का ऐली,वासर,पाइप,प्लास्टिक,हरिवोरी चुरा कर ले जा रहा था।जिसे दौड़ा कर पकड़ लिया।थाने पर लाकर पुलिस को सौंप दिया।जिसकी पहचान अंगद राय सोनौरा बुजुर्ग थाना कमपियरगंज के रूप में हुई।पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीण ने ग्राम प्रधान के ऊपर लगाया मारपीट का आरोप

## सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में स्पष्ट लहरा रही राइफल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। प्रदेश में सुरक्षा की दृष्टिकोण से वर्तमान सरकार ने भले ही व्यवस्था दुरुस्त रखी हो परंतु अभी भी अनेक क्षेत्रों में दबंगों की राइफल बंदूक सोशल मीडिया में अधिकतर वायरल होते नजर आ रही है ताजा मामला चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कौंह का आया जहां पीड़ित सागर पुत्र राजीव कुमार ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए अपना दुख दर्द बयां किया पीड़ित ने बताया कि वह शाम लगभग 5 बजे खेतों से अपने घर जा रहा था इसी समय रास्ते में ग्रामीण सोमू पाण्डेय पुत्र कृष्ण बिहारी दीपक पुत्र कुंदन पाण्डेय अमित दुबे पुत्र गोविंद दुबे अंकित पुत्र सुरेश मिश्रा बैजू शुक्ला पुत्र टेसू शुक्ला तथा दो अज्ञात लोगों ने उसका रास्ता रोका उक्त लोगों के हाथ में राइफल बंदूक थी जो सोशल मीडिया में वीडियो के रूप में जोर-जोर से वायरल हो रही हैं वही पीड़ित ने बताया की गाली गलौज करते हुए पीड़ित के साथ उक्त लोगों ने मारपीट प्रारंभ कर दी जहां शोर मचाने पर पीड़ित के परिजन दौड़ पड़े जिसे देख सोमू पाण्डेय तथा अमित दुबे ने राइफल से फायर कर दिया सौभाग्य रहा कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई वही भाग कर पीड़ित तथा पीड़ित के परिजनों ने अपनी जान बचाई मारपीट के दौरान लगी चोट के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित ने थाना प्रभारी को बताया कि मौके पर मौजूद हाथ में राइफल लिए सोमू पांडे ने पीड़ित तथा पीड़ित के परिवार को जान से मारने की धमकी दी इस बारे में थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह से जानकारी लेने का प्रयास किया गया परंतु किसी कारण बस संपर्क नहीं हो पाया

# गीडा सेक्टर 11 की विद्युत सप्लाई 3 घंटे रहेगी बाधित

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील उपकेंद्र के अंतर्गत सहजनवां तहसील फीडर से पोषित सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मंगलवार को विद्युत सप्लाई सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक गीडा सेक्टर -11 सब स्टेशन 33 केवी की लाइन बनाने हेतु बंद रहेगी।यह जानकारी एसडीओ सौरभ श्रीवास्तव दी है।

# बालू से भरे अवैध ट्रक के खिलाफ कार्रवाई

## एसडीएम ने पकड़ा ओवरलोड ट्रक, खनन व परिवहन विभाग कर रहा जांच

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, बुलंदशहर जिले के अनूपशहर तहसील अन्तर्गत बिरौली गांव में अवैध डम्फ को एसडीएम ने पकड़ा।अनूपशहर में अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, भले ही प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाए जा रहे हों। खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं, और इसके खिलाफ प्रशासन द्वारा समय-समय पर की जाने वाली कार्रवाई के बावजूद यह गैरकानूनी गतिविधि बदस्तूर जारी है। ताजा मामला बुलंदशहर के अनूपशहर का है। जहां एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल ने सफेद बालू को लेकर जा रहे अवैध ट्रक को पकड़कर कोतवाली पुलिस को सुपुर्द किया। एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि वह जहांगीराबाद जा रही थी। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के गांव बिरौली के नजदीक बालू से भरे डम्पर को उन्होंने बुलंदशहर की ओर जाते हुए देखा। जिसके बाद उन्होंने डंपर चालक को रुकने का इशारा किया किंतु चालक डम्पर ना रोककर तेज रफ्तार से भगाने लगा।थोड़ी दूर चलने पर उसने डंपर को रोका। जिसके बाद उन्होने चालक से खनन संबंधी दस्तावेज मांगे तो वह कुछ नहीं दिखा पाया। पूछताछ में उसने बताया कि वह संभल से बालू को लेकर मेरठ जा रहा था।एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल ने तत्काल अवैध बालू से भरे डम्पर की सूचना कोतवाली पुलिस, जिला खनन अधिकारी बृजमोहन, एआरटीओ राजीव बंसल को दी एवं डम्पर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया। मौके पर पहुंच रहे जिला खनन अधिकारी बृजमोहन व एआरटीओ राजीव बंसल पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजने व अवैध डम्पर के खिलाफ सीज करने की कारवाई की बात कह रहे है। संबंध में कोतवाली प्रभारी अनूपशहर रजनीश कुमार त्यागी ने बताया कि एसडीएम अनूपशहर द्वारा बालू से भर अवैध ट्रक को पकड़ा गया है। डंपर चालक पुलिस हिरासत में है। जिला खनन अधिकारी एवं एआरटीओ को इस पूरे मामले से अवगत कराया गया है। इस संबंध में जिला खनन अधिकारी बृजमोहन एवं एआरटीओ राजीव बंसल ने बताया कि मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर डंपर को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# आकाशीय-बिजली की चपेट में आने से दो महिला की मौत

- तीन झुलसी, इलाज कर भेजा गया घर

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र, सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में बहुआर गांव में देर शाम को गरजबरस के साथ आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य महिलाएं झुलस गईं।जिनको स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में लाया गया। जहां घायल महिलाओं को इलाज के बाद छुट्टी दे दिया गया।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से सटे बहुआर गांव के बढौना टोला में महिलाएं कच्चे मकान के अंदर घरेलू कामकाज में लगी थीं।इस दौरान तेज गरज-चमक के साथ बिजली गिर गई।इसकी चपेट में आने से फुलवा (48) पत्नी लालजी और महाराजी (40) पत्नी छोटेलाल झुलस गईं। गांव की तीन अन्य महिलाएं भी बिजली की चपेट में आईं।

आनन-फानन सभी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने फुलवा और महाराजी को मृत घोषित कर दिया।वहीं अन्य झुलसी महिलाओं को इलाज के बाद छुट्टी दे गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# खुर्जा में बाइक और कैंटर की टक्कर

**तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होने से हादसा, दो की मौत, दो घायल**

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, बुलंदशहर के खुर्जा तहसील क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। दोपहर को खुर्जा तहसील के एनएच 34 पर बगराई गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर एक कैंटर से टकरा गई।इस टक्कर में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्ची और किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आईं, और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना मिलते ही खुर्जा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल भेजा।पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को हादसे की सूचना दी। इस हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है और इलाके में भी शोक की लहर है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

- परिजनों ने दबंगों पर लगाया हत्या का आरोप, निवाड़ी थाने पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, गाजियाबाद के मोदीनगर में कस्बा निवाड़ी में 18 साल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव खेत में आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। परिजन दबंगों पर हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगा रहे हैं।परिजनों ने निवाड़ी थाने में हंगामा किया।देर रात तक हंगामा चलता रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए। कस्बा निवाड़ी निवासी कुसुम देवी अपने पुत्र सचिन सैनी और शिव सैनी के साथ रहती हैं।महिला के पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी है।उनका 18 साल का पुत्र शिव सैनी खेती करके परिवार का लालन-पालन करता था। शिव सैनी कस्बा निवाड़ी निवासी एक व्यक्ति का खेत पर बटाई पर ले रखा है। बताया जा रहा है कि शिव सैनी ने गुरूवार शाम को खेत में इकट्ठा हुए कबाड़ में आग लगाई थी। इसी बीच आग पड़ोसी के खेत में पहुंच गई और ईख की फसल में आग लग गई। आग की चपेट में आकर ईख का खेत जलकर राख हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि इस बात को लेकर खेत में ही पंचायत का आयोजन किया गया। बताया जा रहा है कि पंचायत में शिव सैनी से ईख की फसल का हजार्ना सवा लाख रुपए लेने की बात कहीं गई।इस बात को लेकर कहासुनी भी हुई।इसके बाद से ही शिव सैनी डिप्रेशन में आ गया और वहां से चला गया। निवाड़ी पुलिस को गुरुवार रात को सूचना मिली कि मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर शेरपुर वाली चकरोड के पास खेत में आम के पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बुजुर्ग को महिलाओं ने चप्पलों डंडों से पीटा, आरोपी हिरासत में

## बच्ची से अश्लील हरकत करने पर परिजनो ने लाठी डंडों से पीटा





अमन लेखनी समाचार

अमेठी में बच्ची से एक बुजुर्ग ने छेड़खानी कर दी। बच्ची के साथ हुई घटना से नाराज परिजनों ने आरोपी की घर में घुसकर लाठी-डंडों और चप्पलों से पिटाई कर दी। महिलाओं और पुरुषों ने उसे जमकर पीटा। वो जोड़कर माफी मांगता रहा, लेकिन वह नहीं रुके ।मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने बच्ची के परिजनों की तहरीर पर आरोपी बुजुर्ग के खिलाफ पॉक्सो समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है ।दरअसल ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र का है। यहां एक दिन पहले गांव के ही रहने वाले एक बुजुर्ग ने गांव की एक बच्ची से अश्लील हरकत कर दी। बच्ची ने यह बात जाकर अपने घरवालों को बताईं। इसके बाद परिजन गुस्सा गए। वह सीधे लाठी और डंडे लेकर आरोपी के घर पहुंच गए। महिलाएं भी साथ थी ।सभी घर के अंदर घुस गए। महिलाओं ने बुजुर्ग को देखते ही चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। वह हाथ जोड़ता रहा, लेकिन महिलाए नहीं रुकीं। इसके बाद पुरुषों ने बुजुर्ग को डंडों से पीटा। उसे जमीन पर गिराकर मारा। उसे गाली दी। उससे पूछते रहे तुमने बच्ची के साथ ऐसा क्यों किया। आरोपी हाथ जोड़कर माफी मांगता दिखाई दिया।

### आरोपी बुजुर्ग हाथ जोड़कर मांगता रहा माफी की भीख

बुजुर्ग हाथ जोड़कर बस माफी मांगता रहा। पिटाई के चार वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें महिलाएं उसे पीटती दिख रही हैं। इसके बाद पुरुष बुजुर्ग को कमरे में ले जाकर पीटते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में ले लिया ।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पूरे मामले पर अमेठी एसएचओ बृजेश सिंह ने बताया परिजनों की तहरीर पर पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी का चालान कोर्ट भेजने की कार्रवाई की जा रही है

# हाकिम की सूझबूझ से एक बड़ा विवाद टला

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ।सदर क्षेत्र स्थित राजर्षि टंडन इंटर कॉलेज रामनगर अठगवा में इन दिनों प्रबंधतंत्र को लेकर विवाद चल रहा है ।प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है ।विद्यालय के कार्यवाह प्रधानाचार्य विद्यालय परिसर में आगामी 14 अक्टूबर को कोई कार्यक्रम कराना चाह रहे थे जिसके लिए उनके द्वारा जिलाधिकारी से कार्यक्रम कराने के लिए अनुमति मांगी गयी थी ।कार्यवाह प्रधानाचार्य के इस आयोजन को लेकर प्रबंधकमेटी के एक पक्ष ने आपत्ति जताते हुए जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया ।जिलाधिकारी ने दोनों पक्षो को सुनने के बाद डीआईओएस तथा कार्यवाह प्रधानाचार्य को आदेशित किया कि विद्यायल में इस तरह के आयोजन कराने की अनुमति नही दी जा सकती ।फिलहाल हाकिम के इस सूझबूझ से एक विवाद होते होते टल गया।

# जनपद स्तरीय माध्यमिक एथलीट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

अमेठी रणवीर इंटर कॉलेज में 14 वीं जनपद स्तरीय माध्यमिक एथलीट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अमीता सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) डॉ राजेश द्विवेदी द्वारा मशाल प्रज्जवलित करके गत वर्ष के विजेता धावक मुकेश पाल को प्रदान किया गया ह्न छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह खेल के क्षेत्र में आपका प्रथम कदम है जिसे रुकना नहीं चाहिए और हर चुनौती को अवसर के रूप में लेना चाहिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रतियोगिता को और अधिक उत्कृष्ट बनाने हेतु अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में शिवम प्रथम, अरुण दुत्तीय और समीर तृतीय स्थान पर रहे तथा 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में मोनिका गुप्ता प्रथम, रोशनी पठान दुत्तीय और खुशबू तीसरे स्थान पर रही।

# आवारा सांड के हमले से बुजुर्ग की मौत

## पशु विभाग की टीम पर सांड को पकड़ने पहुंची टीम पर भी हमलावर हो





अमन लेखनी समाचार

अमेठी में आवारा जानवरों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। देर शाम शौच के लिए गए एक बुजुर्ग पर आवारा सांड ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।आज उसी आवारा सांड को पकड़ने पशु विभाग की टीम पहुंची, पर टीम को देखते ही सांड उन पर हमलावर हो गया। टीम को ईंट के टीले पर चढ़कर अपनी जान बचानी पड़ी। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है ।दरअसल ये पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सरैया कनू गांव का है, जहां रविवार शाम गांव के रहने वाले बुजुर्ग बल्लू सड़क की तरफ शौच के लिए गए थे। तभी आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ के हमले में बुजुर्ग के शरीर की कई हड्डियां टूट गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी।

आज सुबह संग्रामपुर के पशु चिकित्साधिकारी प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में एक टीम आवारा सांड को पकड़ने गांव पहुंची, जहां आवारा सांड़ ने टीम पर ही हमला कर दिया। सांड़ के हमले के बाद पशु विभाग की टीम ने पास में ही रखे ईंटों की एक चट्टे पर चढ़कर अपनी जाना बचाई। इसी दौरान किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सार्वजनिक कर दिया। बताया जा रहा है कि सांड़ के हमले में पशु चिकित्साधिकारी प्रदीप पांडेय भी घायल हो गए है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# बंद कमरे में किरायेदार का सड़ा गला शव मिलने से फैली सनसनी

**सीओ सदर की मौजूदगी में तोड़ा गया ताला**

**डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम पंहुची घटनास्थल**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड नंबर 13 में एक किराए के मकान में रह रहे टायल्स मिस्त्री का सड़ा गला शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना के दिन से मृतक की पत्नी अपने बच्चों के साथ गायब है। सीओ सदर ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद थानाध्यक्ष को खुलासा करने के निर्देश दिए है। साक्ष्य एकत्र करने के लिए फॉरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वाड टीम भी मौके पर पहुंची।

सुमेरपुर कस्बे के वार्ड नंबर 13 में लालू पब्लिक स्कूल के पीछे गफ्फार का मकान है। इस मकान में महोबा जनपद का निवासी बाबू विश्वकर्मा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ किराए से रहता था। उन्होंने करीब दस माह पूर्व मकान किराए पर लिया था ।मृतक के शराबी होने के कारण पति-पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। जिसको लेकर पत्नी ने पति के खिलाफ थाने में मारपीट करने की शिकायत भी दी थी। मोहल्ले वासियों के अनुसार नवरात्र की पहली रात को महिला अपने बच्चों के साथ घर से निकल गई थी। उसके बाद फिर वह मोहल्ले में नहीं दिखी। मोहल्ले वासियों का मानना है कि शायद घटना करने के पश्चात वह कमरे में ताला डालकर गायब हो गई है। सोमवार को बदबू फैलने पर मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सीओ सदर व थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने दरवाजे का ताला तुड़वाकर अंदर देखा तो शव कमरे में सड़ा गला स्थित में मिला। मौके पर फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम साक्ष्य एकत्र करने में जुट गयी ।सीओ सदर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव सड़ा गला होने से घटना किस तरह की गई इसकी जानकारी नहीं हो पाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# विकास कार्यों को लेकर डीएम ने की मासिक समीक्षा बैठक


अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीर भानू सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जनसुनवाई के दौरान डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पॉक्सो एक्ट में वांछित युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 इन्द्रेश कुमार थाना संग्रामपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट एससीएसटी एक्ट थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र हरिलाल निवासी ग्राम कुंआ डाड़मजरे सकलपिया थाना हैदरगंज कसारा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया एवं 01 नफर बालअपचारी को निगरानी मे लिया गया गिरफ्तारी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# बाइक सवार बदमाशो ने टेंट व्यवसाई से लूटे 3 लाख 35 हजार

## व्यापारी से पूछा पता, फिर सटा दिया तमंचा, पुलिस बदमाशों की तलाश मे





अमन लेखनी समाचार

अमेठी में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बुधवार को मोहनगंज थाना क्षेत्र में टेंट व्यवसायी से 3 लाख 35 हजार रुपये की लूट की घटना सामने आई। बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर व्यवसायी से बैग लूट लिया और मौके से फरार हो गए। यह घटना दिनदहाड़े हुई, जब पीड़ित बैंक में पैसे जमा करने जा रहा था।

घटना जगदीशपुर रोड स्थित 200 बेड अस्पताल के पास की है। जहां टेंट व्यवसायी कन्हैया लाल यादव राजा फत्तेपुर गांव के रहने वाले हैं। अपनी बाइक पर 3 लाख 35 हजार रुपये लेकर बैंक जा रहे थे। तभी अचानक पीछे से अपाचे बाइक पर तीन बदमाश आ धमके। पहले तो उन बदमाशों ने पता पूछने के बहाने कन्हैया से बातचीत शुरू की, फिर एक बदमाश ने तमंचा निकालकर उसे डरा दिया। बदमाशों ने कन्हैया के बाइक की हैंडल में लटका रुपयों से भरा बैग झपट लिया और फरार हो गए।

पीड़ित कन्हैया लाल यादव किसी तरह से मोहनगंज थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सीओ अजय सिंह और एसएचओ राकेश सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया

### एसएचओ राकेश सिंह ने क्या कहा, .....

पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश के लिए नाकेबंदी की गई है। जल्द ही बदमाशों को पकड़कर इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

### कन्हैया लाल यादव ने बताया

मैं 3 लाख 35 हजार रुपये बैंक में जमा करने जा रहा था। तभी तीन युवक अपाचे बाइक पर आए और मुझसे पता पूछने लगे। जैसे ही मैंने पता बताया, उनमें से एक ने तमंचा तान दिया और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

# डीएम एसपी ने जायस में किया फ्लैग मार्च सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा त्यौहारों दुर्गा पूजा, दीवाली एवं छठ पूजा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र जायस/कस्बा जायस में आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाये रखने हेतु पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आम जनमानस से आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने व आपस में मिलजुलकर त्यौहार मनाने हेतु एवं अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी तथा प्रभारी निरीक्षक जायस व गश्त/पिकेट ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सर्तकता पूर्वक ड्यूटी करनें के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# आजादी के संघर्ष के फकीर लाला हरदयाल की जयन्ती पर वर्णिता ने किये श्रृद्धा सुमन अर्पित

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आजादी के संघर्ष मे देशभक्तों की महत्ता के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत सुमेरपुर कस्बे में आजादी के संघर्ष का फकीर लाला हरदयाल की जयन्ती पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि लाला हरदयाल एक बौद्धिक देशभक्त थे। आजादी के लिए उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। लाला का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को गौरीदयाल माथुर और भोलीरानी के घर दिल्ली के चांदनी चौक मे हुआ था। इन्होंने दिल्ली, पंजाब और अमरीका मे अपनी शिक्षा पूरी की। कई देशों के भ्रमण के बाद अमरीका मे रहकर गदर दल के गठन मे प्रभावी भूमिका निभायी थी। लाला हरदयाल के साथ दल के गठन मे मास्टर अमीरचन्द्र और भाई बालमुकुंद साथ रहे। लाला लाजपतराय भी इस दल मे शामिल हुये। भारत की आजादी के लिए इनकी पहल स्मरणीय रही। इनके सुविधाओं से रहित होने के कारण ही इन्हें फकीर कहा गया। इनका 4 मार्च 1939 को अमरीका मे निधनं हो गया। श्रृद्धांजलि कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, आशीष पान्डेय, मोतीलाल, प्रेम, सागर, प्रिन्श, संतोष, महावीर, बाबू लाल, सिद्धा, रिचा, दस्सी, अजय आदि शामिल रहे।

# पुत्र की मौत से अवसाद ग्रस्त पिता फंदे में झूला मौत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पुत्र की मौत के बाद अवसाद ग्रस्त चल रहे अधेड़ ने सोमवार को सूना घर पाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया। देवगांव निवासी राजबहादुर 52 वर्ष के इकलौते पुत्र सुशील की दो वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके बाद उसकी बहू भी दूसरी जगह चली गई थी। इससे वह अवसाद ग्रस्त रहता था। सोमवार को सुबह यह पड़ोस में घूमकर सभी से राम जुहार करता रहा और करीब 11 बजे घर पहुंच कर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचित किये इसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद से परिजन चुप्पी साधे हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उनको किसी ने सूचना नहीं दी है।

# 275 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्व में उ0नि0 विनय कुमार दीक्षित मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तों प्रेमशंकर उर्फ गुदुल्ले पुत्र जगतपाल पाण्डेय निवासी भूखन पाण्डेय का पुरवा बहमरपुर थाना कुड़वार विवेक मिश्रा पुत्र सुरेश चन्द्र मिश्रा निवासी शीतलदास महन्त मजरे बहमरपुर खौदिया शारदा सहायक नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया । टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल कागज मांगने पर दिखा न सके । तलाशी से अभियुक्तों के कब्जे से 275 ग्राम स्मैक बरामद हुआ ।

# नेशनल हाईवे पर दो डंफरों की आमने सामने हुई टक्कर में एक चालक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। नेशनल हाईवे पर दो डंपरों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में एक डंपर के चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां चिकित्सकों ने एक चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उन्नाव जनपद के अचलगंज थाना क्षेत्र के लालीहार गांव निवासी राजेंद्र 37 वर्ष पुत्र राजकुमार डंपर में गिट्टी लादकर कानपुर की ओर जा रहा था। वहीं इसी जनपद के इसी थाना क्षेत्र के सत्तूखेड़ा निवासी राजेंद्र 40 वर्ष पुत्र श्रीकृष्ण यादव गिट्टी लादने के लिए कबरई की ओर जा रहा था। रविवार की रात करीब एक बजे इन दोनों की नेशनल हाइवे में सुमेरपुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुरवा गेट के पास आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इन्हें केबिन से निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां राजेंद्र पुत्र राजकुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे डंपर चालक राजेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण को गंभीर हालत में सदर अस्पताल भेजा गया। डंपरों की टक्कर से थोड़ी देर हाइवे पर आवागमन बाधित रहा। जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## फवाद-वाणी की 'अबीर गुलाल' की शूटिंग लंदन में शुरू...

**मुंबई।** पाकिस्तानी स्टार फवाद खान और भारतीय अभिनेत्री वाणी कपूर फिलहाल लंदन में अपनी अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'अबीर गुलाल' की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन के सुरम्य में शुरू हुई है। इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज़ द्वारा की गई। फिल्म की निर्देशक आरती एस बागड़ी ने कहा कि यह फिल्म प्यार के बारे में है। बागड़ी ने कहा फिल्म दो व्यक्तियों की यात्रा पर आधारित है जिसमें अनजाने में दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं। इस दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट भरपूर मनोरंजन का वादा करती है।

लाइफ Style

# आलिया

### मेरी इच्छा- 'ज्यादा फिल्में बनाना, ज्यादा बच्चे पैदा करना'

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी भविष्य की प्लानिंग का खुलासा किया है। उनकी प्लानिंग में ज्यादा फिल्में बनाना, ज्यादा बच्चे पैदा करना और कई जगहों की यात्रा करना शामिल है। आलिया ने अपने भविष्य के बारे में बात करते हुए कहा, उम्मीद है कि और भी ज्यादा फिल्में करूं, सिर्फ एक अभिनेत्री के रूप में नहीं बल्कि एक निर्माता के रूप में भी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्लानिंग में ज्यादा बच्चे, अलग-अलग जगहों की यात्राएं, स्वस्थ, खुशहाल, सरल, शांत, और प्रकृति से भरी जिंदगी भी शामिल है। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अप्रैल 2022 में बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर से शादी की थी। नवंबर 2022 में कपल ने बेटी राहा का स्वागत किया था। आईएमडीबी के आइकन्स ओनली सेगमेंट के दौरान आलिया ने यह भी बताया कि वह उनकी और उनके पति रणबीर की कौन सी फिल्में चाहेंगी कि उनकी बेटी बड़े होकर देखे।

आलिया ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए शायद 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' बेहतर रहेगी। ईमानदारी से कहूं तो यह सबसे कम उम्र की, सबसे शांत फिल्म है जिसे बच्चे देख सकते हैं। यह मेरी पहली फिल्म है। हालांकि, मुझे उस फिल्म में अपने परफॉर्मेंस पर बहुत गर्व नहीं है, लेकिन यह गानों से भरपूर है और मुझे लगता है बेटी को वास्तव में यह बहुत पसंद आएगी। रणबीर के लिए आलिया ने फिल्म 'बर्फी' चुनी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बच्चों के लिए बहुत ही अनुकूल फिल्म है।' आलिया ने खुलासा किया कि कौन सी परफॉर्मेंस ने उनके अभिनय में सबसे बड़ा बदलाव लाया।



## हॉलीवुड मसाला




## दुनिया की सबसे अमीर म्युजिशियन

**लॉस एंजिलस।** टेलर स्विफ्ट, जिनके गानों का हर कोई दीवाना है। वह अब ऑफिशियली दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन गई हैं। उनकी कुल नेट वर्थ करीब 1.6 बिलियन डालर बताई जा रही है। सिंगर ने उन्होंने पॉप स्टार रिहाना को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया है, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन डालर है। इस बात की पुष्टि खुद फोब्र्स ने की है। फोब्र्स के मुताबिक, स्विफ्ट की संपत्ति का 600 मिलियन डॉलर टूअर इनकम और रॉयल्टी से आता है।



## बेटी ने लगाया यौन शोषण का आरोप...

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के मशहूर सिंगर और सॉन्गराइटर आर केली की बेटी बुकु अबी ने उनके खिलाफ हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने 'कर्मा: ए डॉटर्स जर्नी' नाम की डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बताया है कि किस तरह उनके सिंगर पिता ने बचपन में उनका यौन शोषण किया था। डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बुकु अबी ने बताया कि वह इतनी डर गई थीं कि अपनी मां को कुछ भी बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थीं। बुकु ने कहा, 'लंबे समय, मैं इस पर विश्वास करना ही नहीं चाहती थी कि मेरे साथ क्या हुआ। मैं यह सोच भी नहीं सकती थी कि अगर वह बुरे इंसान थे भी, तो भी वह मेरे साथ ऐसा कुछ कर सकते थे। मैं किसी को कुछ भी बताने से डर रही थी। मैं अपनी मां को भी कुछ भी कहने से डर रही थी।'



## कई रिजेक्शन के बाद मुकाम तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** साल 2013 में बनी फिल्म 'यारियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली रकुल प्रीत सिंह को भला कौन नहीं जानता, ये एक्ट्रेस अपने फैंस के दिलों पर राज करती है। अपनी कमाल की अदाकारी, एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से रकुल काफी फेमस हैं। कुछ महीने पहले ही उन्होंने निर्माता और एक्टर जैकी भगनानी से शादी की है। वो करीब 10 साल से हिंदी और साउथ सिनेमा में एक्टिव हैं और 10 अक्टूबर को अपना 34वां जन्मदिन मनाया। रकुल का जन्म 10 अक्टूबर 1990 को पंजाबी फैमिली में दिल्ली में हुआ। उनके पिता आर्मी ऑफिसर थे। रकुल की स्कूलिंग आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआं हुई। ऑडिशन के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगने, कई रिजेक्शन झेलने के बाद वो इस मुकाम तक पहुंची हैं।



## 'फैबुलस लाइव्स...' में आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर और उनकी मां, दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर, जल्द ही अपनी बहन रिद्धिमा कपूर को सपोर्ट करते नजर आएंगे। रिद्धिमा नेटफ्लिक्स के शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में पहली बार अपने जीवन को सार्वजनिक करने जा रही हैं। बुधवार को नेटफ्लिक्स ने इस शो का ट्रेलर रिलीज किया, जिसमें दिखाया गया कि इस बार मुकाबला होगा ओरिजिनल बॉलीवुड वाइव्स और तीन नए चेहरों के बीच- शालिनी पासी, कल्याणी साहा और रिद्धिमा। 'फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स', आ रहा है 18 अक्टूबर को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! ट्रेलर में रणबीर कपूर कुछ समय के लिए दिखाई देते हैं और मजाक में अपनी बहन रिद्धिमा को कहते हैं, ये इसे पूरी तरह से गड़बड़ कर देगी।

## टीवी मसाला

## कौन हैं बिग बॉस-18 की 'वायरल भाभी'? कभी लगाया था सल्लू की टीम पर गंभीर आरोप

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 18 में वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा की एंट्री भी हो गई है लेकिन, क्या आप जानती हैं कि हेमा शर्मा ने कभी सलमान खान की टीम पर गंभीर आरोप लगाए थे? आइए, यहां जानते हैं कि पूरा माजरा क्या था। बिग बॉस 18 में 18 कंटेस्टेंट्स के साथ एक गधे की एंट्री भी हुई है लेकिन, आज हम जिस कंटेस्टेंट के बारे में बात करने जा रहे हैं उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल भाभी के नाम से जाना जाता है। आपके मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर वायरल भाभी कौन हैं। तो आइए, हम आपको बता देते हैं कि वायरल भाभी और कोई नहीं बल्कि हेमा शर्मा हैं। हेमा शर्मा सोशल मीडिया पर अपने स्टाइल और डांस के लिए खूब पॉपुलर हैं।



### कौन हैं 'वायरल भाभी' हेमा शर्मा?

हेमा शर्मा सिर्फ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस और सोशल एक्टिविस्ट भी हैं। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली हेमा शर्मा ने साल 2018 में धर्मेंद्र स्टारर यमला पगला दीवाना फिर से बॉलीवुड में कदम रखा था। 'यमला पगला दीवाना' के बाद हेमा ने सलमान खान की फिल्म दबंग 3 में एक रिपोर्टर का किरदार निभाया था। हेमा ने फिल्मों के अलावा कई टीवी शोज में भी काम किया है। इसमें कहां हम कहां तुम, सम्राट अशोक और वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश भी शामिल हैं।

### सलमान की टीम पर लगा चुकी हैं गंभीर आरोप

हेमा शर्मा अपनी एक्टिंग और डांस रील्स से ज्यादा चर्चा में तब आई थीं, जब उन्होंने सलमान खान की टीम पर गंभीर आरोप लगाया था। हेमा शर्मा ने साल 2023 में एक इंटरव्यू दिया था, जहां एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें सलमान खान की फिल्म दबंग 3 के सेट पर अपमानित किया गया था। बिग-बॉस-18 के ये कंटेस्टेंट टेलीविजन की दुनिया में बना चुके हैं नाम, एक तो टीवी के मशहूर शो 'अनुपमा' की रह चुकी हैं हिस्सा हेमा शर्मा का कहना था कि वह सलमान खान की बहुत बड़ी फैन थीं।

### रातों-रात मिली हेमा शर्मा को पॉपुलैरिटी

बिग बॉस 18 के ग्रैंड प्रीमियर पर सलमान खान ने हेमा शर्मा से उनके वायरल भाभी बनने को लेकर सवाल किया था। हेमा ने इस सवाल के जवाब में बताया था कि उन्होंने जिंदगी बर्बाद हो गया गाने पर डांस किया था और इस गाने की रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई थी। तभी से लोग उन्हें वायरल भाभी के नाम से बुलाते हैं। बता दें, हेमा शर्मा की सोशल मीडिया पर खूब तगड़ी फैन फॉलोइंग है और उनके इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।


### बिग बॉस में दम दिखा रही हैं वायरल भाभी

वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा ने बिग बॉस के घर में एंट्री लेते ही अपना दम दिखाना शुरू कर दिया हैं। लेटेस्ट एपिसोड में हेमा शर्मा को बिग बॉस ने राशन बांटने की पावर दी थी, जिसके बाद वायरल भाभी के तेवर खूब बदलते दिखाई दिए।

## रतन टाटा के निधन की खबर सुनते ही दिलजीत ने बीच में रोका कॉन्सर्ट

**मुंबई।** पंजाब के सुप्रसिद्ध गायक दिलजीत दोसांझ ने प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए अपना जर्मनी संगीत कार्यक्रम को बीच में रोक दिया। रतन टाटा का बुधवार की रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। अपने कॉन्सर्ट के दौरान उद्योगपति रतन टाटा के बारे में बात करते हुए दिलजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिलजीत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने फैन पेज, टीम दिलजीत की पोस्ट को दोबारा साझा किया और लिखा कि श्रद्धांजलि रतन टाटा। वायरल वीडियो में दिलजीत ने पंजाबी में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी रतन टाटा को जानते हैं। उनका निधन हो गया और यह उन्हें मेरी छोटी सी श्रद्धांजलि है। मुझे आज उनका नाम लेना जरूरी लगा, क्योंकि उन्होंने जीवन भर कड़ी मेहनत की। मैंने उनके बारे में जो भी सुना और पढ़ा है। मैंने उन्हें कभी किसी के बारे में कुछ गलत बोलते नहीं देखा। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा कड़ी मेहनत की है, अच्छे काम किए हैं और लोगों की मदद की है। यही जीवन है, किसी को ऐसा ही होना चाहिए। यदि कोई एक चीज है जो हम उनके जीवन से सीख सकते हैं, तो वह यह है कि हम कड़ी मेहनत करनी चाहिए, सकारात्मक सोचना चाहिए, मददगार बनना चाहिए और जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए।





## 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में करेंगी कमबैक...

*मुंबई। जानीमानी चरित्र अभिनेत्री उपासना सिंह, 14 साल के बाद भोजपुरी सिनेमा में कमबैक करने जा रही हैं। यशी फिल्म्स के बैनर तले बन रही और भोजपुरी सिनेमा प्रस्तुत फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार के जरिए उपासना सिंह 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। इस फिल्म में उपासना सिंह एक सशक्त सास का किरदार निभा रही हैं, जबकि यामिनी सिंह इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हैं और जय यादव मुख्य अभिनेता हैं। इस फिल्म की कहानी सास-बहू के रिश्ते की खट्टी-मीठी यादों पर आधारित है, जिसे निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डुरी और लेखक अरविंद तिवारी ने बेहद दिलचस्प तरीके से गढ़ा है। इस फिल्म में उपासना सिंह के साथ यामिनी सिंह, जय यादव, विनोद मिश्रा, सुजान सिंह, देव सिंह और मनोज टाइगर जैसे मशहूर कलाकार भी अपनी अदाकारी का जादू बिखेरेंगे। उपासना सिंह ने बताया कि जैसे ही फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार की कहानी सुनी, उन्हें तुरंत इसका हिस्सा बनने की इच्छा हुई।*

### 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली

## शाहरुख से सलमान तक, इन सितारों की फिल्मों में दिखीं दशहरा की खूबसूरत झलकियां

*मुंबई। भारत में फिलहाल त्योहरों का मौसम जारी है। नवरात्रि के 10वें दिन विजयादशमी दशहरा का पर्व मना गया है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का अंत किया था। ऐसा मान्यता है कि लोग दशमी के रोज रावण को जलाकर बुराई का अंत करते हैं। बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं, जिनमें दशहरा के पर्व को खूबसूरती से दिखाया गया है। आइए जानें किन सितारों की किन फिल्मों में दिख चुकी दशहरा की झलक।*

**'रा.वन':** शुरुआत करते हैं शाहरुख खान की फिल्म 'रा.वन' से। फिल्म में आधुनिक तकनीक के जरिए रामायण की कहानी को दिखाने की कोशिश की गई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये कमाए थे। अर्जुन रामपाल फिल्म में 'रा. वन' के किरदार में दिखे थे, जो एक वीडियो गेम से असल दुनिया में आ जाता है। आप इस फिल्म को जियो सिनेमा पर देख सकते हैं और अपने दशहरा की छुट्टी को नई तरह की रामायण देखकर बिता सकते हैं।




**'कहानी':** विद्या बालन की फिल्म 'कहानी' में दशहरे को काफी खास जगह दी गई है। इस फिल्म की कहानी महिला शक्ति को दर्शाती है। फिल्म में एक सीन है, जब विद्या दशहरा मनाने वाली महिलाओं की भीड़ के बीच में घुसकर अपने पति की मौत का बदला लेती है और उसके कातिलों को मारती है। 8 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने केवल भारत में 51 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।



**'दिल्ली 6':** राकेश ओमप्रकाश के निर्देशन में बनी फिल्म 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली। इसमें यह दिखाया गया कि कैसे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। फिल्म में अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बता दें कि अदिति राव हैदरी की यह पहली हिंदी फिल्म थी। फिल्म ने कई पुरस्कार अपने नाम किए, वहीं दुनियाभर के फिल्म महोत्सवों में इसे सराहा गया। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म मौजूद है।



**'बजरंगी भाईजान' और 'स्वदेश':** सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' में दशहरा का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। इसके एक गाने 'तू चाहिए' में रामलीला का सीन भी आता है। 75 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 900 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म डिज्नी+हॉटस्टार पर है। उधर नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद शाहरुख खान की फिल्म 'स्वदेश' में दशहरा का एक बहुत ही खूबसूरत सीन है। फिल्म में भगवान राम की रावण पर जीत को रामलीला दृश्य के जरिए दर्शाया था।

